R.N.I.NO UPHIN/2010/39063

### एलयू गेट खोलने को लेकर एनएसयूआई मुखर, वीसी को सौंपा ज्ञापन


लखनऊ(संवाददाता))। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो गेट खोलने को लेकर एनएसयूआई मुखर हो गई है। प्रवेश परीक्षा का हवाला देते हुए छात्र संगठन ने कुलपति को ज्ञापन दिया है। इस दौरान छात्रों द्वारा पौधरोपण करते हुए युवाओं को जागरूक करने का कार्य भी किया। कांग्रेस की एनएसयूआई शाखा विवि इकाई अध्यक्ष सुधांशु शर्मा के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र एकजुट हुई। परिसर में छात्रों ने पौधरोपण किया। फिर सभी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मिले और उनके सामने छात्रों की परेशानी बताई।


हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।

वर्ष : 14 अंक : 267 | लखनऊ गुरुवार,11 जूलाई 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये


3 उपनिदेशक पर्यटन को टूरिस्ट....

6 मकान का दरवाजा तोड़कर ....

सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख.... 8


## यूपी में बाढ़ का कहर

## सीएम योगी ने किया हवाई सर्वेक्षण, पीलीभीत में प्रभावित लोगों से की मुलाकात

***उत्तर प्रदेश के अनेक इलाकों में पिछले कई दिनों से रुक×रुक कर हो रही वर्षा और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा, राप्ती, घाघरा और शारदा समेत अनेक नदियां उफान पर हैं। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षाजनित हादसों में सात लोगों की मौत हो गयी है।***




पीलीभीत10 जुलाई (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत में पूरनपुर, सदर तहसील, बीसलपुर तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और राहत सामग्री वितरित की। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ के प्रकोप से 17 और लोगों की मौत हो गई, जब नदियों में उफान के कारण उत्तर प्रदेश के 10 जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। उत्तर प्रदेश के अनेक इलाकों में पिछले कई दिनों से रुककृरुक कर हो रही वर्षा और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा, राप्ती, घाघरा और शारदा समेत अनेक नदियां उफान पर हैं। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षाजनित हादसों में सात लोगों की मौत हो गयी है। राहत आयुक्त कार्यालय से मंगलवार शाम मिली रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश की विभिन्न नदियां उफान पर हैं। गंगा नदी कछलाब्रिज (बदायूं) में, राप्ती नदी बलरामपुर में, शारदा नदी पलियाकलां और शारदानगर (लखीमपुर खीरी) में, बूढ़ी राप्ती नदी ककरही (सिद्धार्थ नगर) में, क्वानो नदी चंद्रदीपघाट (गोंडा) में, घाघरा नदी एल्गिनब्रिज (बाराबंकी) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान बाढ़ के पानी में डूबने, आकाशीय बिजली और सर्पदंश जैसे वर्षाजनित हादसों में सात लोगों की मौत हो गयी। पीलीभीत और श्रावस्ती में दोकृदो तथा बलरामपुर, कन्नौज और प्रतापगढ़ में एककृएक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। प्रदेश के राहत आयुक्त जी.एस. नवीन कुमार ने बताया कि पीलीभीत जिले में शारदा नदी में सोमवार को नेपाल से चार लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की वजह से नदी के किनारे स्थित ढका चांट गांव के निवासी सात लोग अचानक आयी बाढ़ के पानी में फंस गये थे जिन्हें आज सुबह वायु सेवा के विमान से एयरलिफ्ट कराया गया। सूत्रों के मुताबिक बलरामपुर, श्रावस्ती, कुशीनगर, पीलीभीत, सिद्धार्थनगर और लखीमपुर खीरी जिलों के अनेक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इस बीच, आंचलिक मौसम केन्द्र की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान सोनभद्र जिले के घोरावल और रामपुर जिले के बिलासपुर में सातकृसात सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। इसके अलावा गोरखपुर के चंद्रदीपघाट में छह, बरेली के नवाबगंज में पांच, आगरा के खैरागढ़ में चार, मुरादाबाद जिले के ठाकुरद्वारा, बरेली, सम्भल जिले के गुन्नौर और सिद्धार्थनगर के ककरही में तीनकृतीन सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। अगले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है।

## हमारे राजनयिक संबंध के 75 साल पूरे, संबंधों को प्रदान की जाएगी रणनीतिक दिशा, आस्ट्रिया में बोले पीएम मोदी

***41 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने अश्वस्ट्रिया का दौरा किया है, यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय में हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं।***



नई दिल्ली 10 जुलाई (एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्यसत्कार के लिए चांसलर नेहमर का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे खुशी है कि मुझे अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ऑस्ट्रिया आने का अवसर मिला। मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है, 41 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा किया है, यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय में हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज मेरे और चांसलर और नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई, हमने आपसी सहयोग और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी, यह केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में एक–दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा।मैंने पहले भी कहा है, यह समय युद्ध का नहीं है, समस्याओं का समाधान हम युद्ध क्षेत्र में नहीं ढूंढ पाएंगे। चाहे वह कहीं भी हो, निर्दोष लोगों की हत्या अस्वीकार्य है। भारत और ऑस्ट्रिया बातचीत और कूटनीति पर जोर देते हैं और इसके लिए हम मिलकर हर आवश्यक सहयोग देने के लिए तैयार हैं

## नीट यूजी 2024 पेपर लीक के आरोपों के संबंध में एनटीए का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

नई दिल्ली 10 जुलाई (एजेंसी)नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को छम्म्ж–न्ळ 2024 परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। गोधरा और पटना के कुछ स्थानों के केंद्रों पर व्यक्तियों से जुड़ी कथित कदाचार की घटनाओं के आलोक में एनटीए ने इन केंद्रों पर उपस्थित सभी उम्मीदवारों के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया। इसका उद्देश्य यह निर्धारित करना था कि क्या कदाचार की घटनाओं से कोई महत्वपूर्ण प्रभाव उत्पन्न हुआ है जिसके महत्वपूर्ण पैमाने के व्यापक परिणाम हो सकते हैं। एनटीए द्वारा दायर हलफनामे के अनुसार, उम्मीदवार के प्रदर्शन के डेटा विश्लेषण से पता चला कि कथित कदाचार ने पूरी परीक्षा की अखंडता से समझौता नहीं किया या गोधरा और पटना में उपरोक्त केंद्रों पर परीक्षा देने वाले छात्रों को कोई अनुचित लाभ नहीं दिया।एनटीए का हलफनामा स्थिति की व्यापक समीक्षा का संकेत देता है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि कथित कदाचार के बावजूद, छम्म्ж–न्ळ 2024 परीक्षा की समग्र पवित्रता बरकरार है,।

## अखिलेश यादव का बड़ा आरोप

## अयोध्या में बाहरी लोगों को जमीन बेची गई, अरबों रुपये का घोटाला हुआ

**सपा नेना ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले 7 सालों से सर्किल रेट न बढ़ाना, स्थानीय लोगों के खघ्लिाफ एक आर्थिक षड्यंत्र है। इसकी वजह से अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं। यहाँ आस्थावानों ने नहीं बल्कि भू–माफियाओं ने जमीनें खघ्रीदी हैं।**



लखनऊ 10 जुलाई (एजेंसी)समाजवादी पार्टी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को अयोध्या में बाहरी लोगों को जमीन की कथित बिक्री को लेकर भाजपा सरकार पर हमला किया और अरबों रुपये के भूमि घोटाले का दावा किया। उन्होंने इन भूमि सौदों की गहन जांच की भी मांग की। उन्होंने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि जैसे–जैसे अयोध्या की जमीन के सौदों का भंडाफोड़ हो रहा है, उससे ये सच सामने आ रहा है कि भाजपा राज में अयोध्या के बाहर के लोगों ने मुनाफा कमाने के लिए बड़े स्तर पर जमीन की खघ्रीद–फरोखघ्त की है। सपा नेना ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले 7 सालों से सर्किल रेट न बढ़ाना, स्थानीय लोगों के खघ्लिाफ एक आर्थिक षड्यंत्र है। इसकी वजह से अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं। यहाँ आस्थावानों ने नहीं बल्कि भू–माफियाओं ने जमीनें खघ्रीदी हैं। उन्होंने कहा कि इन सबसे अयोध्या–फैजाबाद और आसपास के क्षेत्र में रहनेवालों को इसका कोई भी लाभ नहीं मिला। गरीबों और किसानों से औने–पौने दाम पर जमीन लेना, एक तरह से जमीन हड़पना है। हम अयोध्या में तथाकथित विकास के नाम पर हुई 'धांधली' और भूमि सौदों की गहन जाँच और समीक्षा की माँग करते हैं।वहीं, इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उसी तरह हराएगी, जैसे उसने हालिया लोकसभा चुनाव में अयोध्या में उसे हराया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। गांधी ने कहा, "उन्होंने (भाजपा ने) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था।"

## सीएम शिंदे बोले- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, आदित्य ठाकरे ने पूछा- बुलडोजर न्याय का क्या हुआ?

**वर्ली हिट एंड रन केस की पीड़िता के पति से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, श्यह हादसा नहीं, हत्या है। मिहिर शाह को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।**



मुम्बई 10 जुलाई (एजेंसी) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट–एंड–रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह की गिरफ्तारी के एक दिन बाद, शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए सवाल उठाया कि क्यों कोई ष्बुलडोजर न्यायष नहीं किया गया। इसके कुछ घंटे बाद एकनाथ शिंदे ने कहा कि बीएमडब्ल्यू हिट–एंड–रन मामले में जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।वर्ली हिट एंड रन केस की पीड़िता के पति से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, श्यह हादसा नहीं, हत्या है। मिहिर शाह को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। अगर आपको न्याय करना है तो आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाओ। यदि आप 7 घंटे के बाद रक्त का नमूना लेंगे तो क्या आपको वह रक्त मिलेगा जिसकी आपको आवश्यकता है? मेरी मांग है कि अभी खून के नमूने और बाकी सब बातों पर न जाएं, जो सीसीटीवी में देखा जा सकता है। ठाकरे ने कहा कि हिट–एन–रन दूसरी बात है, लेकिन उन्होंने (मृतक को) डेयरी तक घसीटा और फिर से (कार) पलटकर मारा, और इसलिए यह एक हत्या है। मुंबई हिट एंड रन के आरोपी के पिता राजेश शाह पर शिवसेना ने बड़ा एक्शन ले लिया है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने राजेश शाह को पार्टी पद से हटा दिया है। मिहिर शाह हिट–एंड–रन मामले का मुख्य आरोपी है, जिसके परिणामस्वरूप 45 वर्षीय महिला कावेरी नखवा की मौत हो गई थी। बता दें कि शिव सेना की पालघर इकाई के उपनेता और पार्टी के पूर्व जिला प्रमुख रहे राजेश को सबूत नष्ट करने के आरोप में मुंबई पुलिस ने उनके ड्राइवर राजऋषि बिदावत के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में शामिल बीएमडब्ल्यू कार राजेश की है।

## बिभव कुमार की जमानत याचिका पर कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले कुमार को 'वीडियो कश्न्फ्रेंस' के जरिए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के समक्ष पेश किया गया था जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत छह जुलाई तक बढ़ा दी थी।**



नई दिल्ली 10 जुलाई (एजेंसी)स्वाति मालीवाल कथित मारपीट मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार द्वारा दायर जमानत याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने कहा कि हम शुक्रवार 12 जुलाई को आदेश पारित करेंगे। इससे पहले दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से जुड़े कथित मारपीट मामले में शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई तक बढ़ा दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले कुमार को 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के समक्ष पेश किया गया था जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत छह जुलाई तक बढ़ा दी थी। पुलिस ने कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के मंत्रियों पर महिला आयोग को एक संस्था के रूप में "कमजोर" करने का आरोप लगाया। आप द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किए जाने के बाद मालीवाल ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। 'आप' ने पलटवार करते हुए कहा कि यह "बेहद खेदजनक" है कि वह (मालीवाल) "भाजपा की कठपुतली बनी हुई हैं।" पार्टी ने कहा, "पहले भी उन्होंने मुख्यमंत्री को बदनाम करने के लिए बहुत कुछ किया है। स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि दिल्ली महिला आयोग के कर्मचारियों को पिछले छह महीने से वेतन नहीं दिया गया, आयोग का बजट 28.5 प्रतिशत कम कर दिया गया, 181 हेल्पलाइन को वापस ले लिया गया

## केजरीवाल शराब घोटाले के किंगपिन, ईडी की चार्जशीट पर बांसुरी स्वराज ने जानें क्या कहा

नई दिल्ली 10 जुलाई (एजेंसी)नई चार्जशीट दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के संबंध में दायर की गई है। इसके अलावा, आरोप पत्र में केजरीवाल को सरगना और मुख्य साजिशकर्ता के रूप में भी उल्लेख किया गया है। पूरे मामले पर बीजेपी की तरफ से प्रतिक्रिया सामने आई है। दिल्ली से बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि श्कल ईडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। चार्जशीट के अनुसार यह सामने आया कि सीएम केजरीवाल शराब घोटाले के किंगपिन थे। हाईकोर्ट ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी है। कोर्ट ने सीएम के खिलाफ 12 जुलाई के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया है।

## बीजेपी छोड़ बीजेपी में शामिल हुए केजरीवाल के पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद, छतरपुर विधायक ने भी छोड़ी आप

***अप्रैल में, आनंद ने भ्रष्टाचार पर पार्टी की नीति पर असंतोष का हवाला देते हुए मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया, यह शराब नीति मामले का स्पष्ट संदर्भ था जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके पूर्व डिप्टी मनीष सिसौदिया सहित प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।***




नई दिल्ली 10 जुलाई (एजेंसी)आम आदमी पार्टी के पूर्व मंत्री राज कुमार आनंद बुधवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। उन्होंने इस साल अप्रैल में आप से इस्तीफा दे दिया और बसपा में शामिल हो गए। अप्रैल में, आनंद ने भ्रष्टाचार पर पार्टी की नीति पर असंतोष का हवाला देते हुए मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया, यह शराब नीति मामले का स्पष्ट संदर्भ था जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके पूर्व डिप्टी मनीष सिसौदिया सहित प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।पटेल नगर से विधायक राज कुमार आनंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली कैबिनेट में समाज कल्याण और एससीध्एसटी मंत्री थे। आनंद ने कहा कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह अपना नाम मौजूदा श्भ्रष्टाचारश से नहीं जोड़ सकते। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए हुआ था लेकिन आज पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई है। मेरे लिए मंत्री पद पर काम करना मुश्किल हो गया है. मैंने मंत्री पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया क्योंकि मैं इस भ्रष्टाचार से अपना नाम नहीं जोड़ सकता। राज कुमार आनंद के आलावा छतरपुर से आम आदमी पार्टी के विधायक करतार सिंह तंवर, पूर्व विधायक वीणा आनंद, आप पार्षद उम्मेद सिंह फोगाट, रत्नेश गुप्ता और सचिन राय भी भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि जंतर–मंतर से अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जाएगा. राजनीति तो नहीं बदली, लेकिन राजनेता बदल गया है। आनंद ने यह भी आरोप लगाया कि पार्टी में दलितों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है. उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के दलित विधायकों, मंत्रियों या पार्षदों को कोई सम्मान नहीं दिया गया।

## याचिकाकर्ता द्वारा उत्पीड़न का आरोप हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली10 जुलाई (एजेंसी) रिज जंगल में अवैध पेड़ों की कटाई पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खिलाफ अवमानना घ्घ्घ्याचिका दायर की है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। शीर्ष अदालत ने बुधवार को उत्पीड़न के आरोपों पर ध्यान दिया और इस मुद्दे पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन द्वारा अदालत को सूचित किए जाने के बाद दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया कि शहर के पुलिस अधिकारी अन्य याचिकाकर्ता– नई दिल्ली नेचर सोसायटी– के संबंध में पूछताछ कर रहे हैं। शंकरनारायणन ने दावा किया कि पुलिस ने उनके बैंक से भी संपर्क किया है और उनके खातों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। पीठ ने शंकरनारायणन की दलील पर गौर किया और मामले में नोटिस जारी किया।

# गरीबों की ईज आफ लिविंग के लिए भी कार्य करें लेखपाल मुख्यमंत्री योगी ने की अपील




लखनऊ(संवाददाता))। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लेखपालों से अपील करते हुए कहा कि बिना प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ही एक गरीब की ईज ऑफ लिविंग के लिए उन्हें अपने स्तर पर विशेष कार्य करना है। लोकभवन में आयोजित मिशन रोजगार कार्यक्रम में योगी ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर योगी ने नवचयनित लेखपालों को उनके कर्तव्यों के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि ये नियुक्ति प्रक्रिया पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं हुआ, कोई सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ी। ऐसे में ये आपकी जिम्मेदारी बनती है कि बिना किसी सिफारिश के प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ही एक गरीब की ईज ऑफ लिविंग के लिए आपको अपने स्तर पर विशेष कार्य करना है। सीएम योगी ने कहा कि एक गरीब के जीवन के लिए आपकी ऊर्जा और प्रतिभा लगे, निवेश की संभावनाओं में आपका सकारात्मक सहयोग मिले, जाति, निवास, आय प्रमाणपत्र के लिए जो समय सीमा तय की गई है उसके अनुसार आम जनमानस और युवाओं को सहयोग प्राप्त हो। वरासत, नामांतरण और पैमाइश से जुड़ी कार्यवाही समय से पूरी हों। लोगों के बीच में आपकी अच्छी छवि बने और लेखपाल के नाम से लोग घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि आपका जनता के बीच नजदीकी जुड़ाव होता है। किसी को पट्टे की जमीन देनी है, किसी को वरासत का कार्य करना है, किसी के नामांतरण का कार्य करना है, कृषि को अकृषि घोषित करते हुए निवेश की संभावना को आगे बढ़ाना है, कहीं पर पैमाइश की कार्यवाही को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक फुट, दो फुट के लिए हिंसक घटनाएं होती हैं। अगर हम समय पर पैमाइश करके सीमांकन कर लें तो कोई विवाद नहीं होगा। कोई दबंग भूमाफिया जबरदस्ती सरकारी या गरीब की जमीन पर कब्जा कर रहा है तो वहां एंटी भूमाफिया टास्क के साथ जाकर हम बड़ी कार्रवाई करें। कहीं पर निवेश के लिए कोई प्रस्ताव आया है तो उसको सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ा दें। बाढ़ जैसी आपदा में समय पर लोगों को राहत दे दें। कृषक दुर्घटना बीमा में कृषक, उसके परिवार के किसी सदस्य या फिर बटाईदार और उसके परिवार के सदस्य की किसी आपदा में मृत्यु होने पर समयबद्ध तरीके से राहत की धनराशि उसके परिवार को मिल जाए। गलत तरीके से कोई भी कार्य न करें और टेक्नोलॉजी का उपयोग करें। राजस्व की पूरी व्यवस्था ही डिजिटाइज हो रही है। योगी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाला कोई भी व्यक्ति अगर परंपरागत रूप से ग्राम समाज की आबादी की जमीन पर मकान बनाकर रह रहा है तो उसकी जमीन का मालिकाना हक उसे घरौनी के माध्यम से मिल सके।

# शुरू हुआ "जीवन संरक्षण के नाम महा पौधरोपण अभियान"

## सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में चिनहट के शांति विहार कालोनी स्थित स्वप्नकुंज परिसर में किया गया वृहद पौधरोपण

लखनऊ(संवाददाता))। जीवन संरक्षण के नाम महा पौधरोपण अभियान" के अंतर्गत ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में बुधवार 10 जुलाई को चिनहट के शांति विहार कॉलोनी स्थित स्वप्नकुंज परिसर में वृहद पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मनोकामिनी, चम्पा, जरबेरा, मोरपंखी सहित तरह–तरह के पाम के पौधे रोपित किये गए। अपने संदेश में सपना गोयल ने कहा कि सनातन धर्म में हमेशा प्रकृति संरक्षण को महत्व दिया है। इसके साथ ही विभिन्न पूजन अनुष्ठानों में तुलसी, आम, बरगद, बेल, केला, आंवला जैसे विभिन्न जन कल्याणकारी वृक्ष और पौधों को शामिल किया जाता है। वास्तव में पेड़ पौधों को हम नहीं बल्कि पेड़ पौधे हमे संरक्षण प्रदान करते हैं। इसीलिए लखनऊ ही नहीं प्रदेश भर में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अकेले लखनऊ, चिनहट, मोहनलालगंज में दो हजार पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 51 शक्तिपीठ की मातृशक्तियों द्वारा इस वृहद अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर भी संचालित किया जाएगा। सत्य सनातन नारी शक्ति–लक्ष्मणपुरी की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने कहा कि पौधरोपण के साथ–साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लोगों को उठानी होगी। प्राणवायु, भोजन, लकड़ी ही नहीं वृक्ष प्राकृतिक आपदाओं पर भी अंकुश लगाते हैं। जल स्तर बनाए रखते हैं और जीवनदायिनी जल के लिए वर्षा के भी आधार बनते हैं। ऐसे में उन्होंने आवाहन किया कि हर हाल में जीवन संरक्षण के लिए पौधरोपण किया जाए। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने बताया कि भारत की पावन पुण्य भूमि संतों और देवों की भूमि है। उन संतों और देवों ने ही भारतीय संस्कृति को विश्व में अद्वितीय संस्कृति के रूप में प्रतिष्ठित किया है। उस मार्ग पर चल कर ही विश्व के मानवों का कल्याण संभव है। वास्तव में सनातन का मार्ग, धर्म विशेष तक सीमित न होकर विश्व उत्थान का मार्ग है, जो जीव के परस्पर प्रेम और समर्पण पर आधारित है। उन्होंने हिन्दुओं का आवाहन किया कि हिंदू अपने अपने स्थानीय मंदिरों पर हर मंगलवार को एकत्र होकर सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें। सपना गोयल द्वारा बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के, बीते 10 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। सामूहिक सुंदरकांड का अभियान राष्ट्रीय स्तर पर वृहद रूप में निरंतर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के जिले पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, लखीमपुर, रायबरेली, बनारस, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अयोध्या नगरी, बदायूं, बिजनौर, अमरोहा, सीतापुर, कानपुर, जौनपुर सहित प्रदेश के पचास गांव और देश में मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उड़ीसा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु तक में यह अभियान पहुंच चुका है। विदेशों में मॉरिशस, अमेरिका, साउथ अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात तक में यह अभियान सक्रिय हैं। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के अनुसार भगीरथ ने अपने पूर्वज राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को जिस तरह मुक्ति दिलवायी थी उसी तरह उनका भी संकल्प, मानव जाति का कल्याण करना है। इसकी प्रेरणा उन्हें साल 2022 में बाबा अमरनाथ से मिली थी। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मण के नाम पर बसी लक्ष्मणपुरी, के मूल नाम को लोकप्रिय करवाने और सनातन धर्म के पुनरुत्थान के लिये वह बीते कई वर्षों से मंदिर निर्माण और मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य करवा रही हैं। जनजागृति के लिए समय–समय पर वह जगह–जगह पर भंडारे भी करवाती हैं। इसके साथ ही उनके द्वारा तीर्थों पर भी सेवाएं और भंडारे आयोजित किये जा रहे हैं। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के प्रयासों से धर्म जागरण के साथ–साथ नारी सशक्तिकरण को भी बल मिल रहा है।

# रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों की रियायत बहाल करने पीएम को पत्र



लखनऊ(संवाददाता))। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पूर्व की भॉति वरिष्ठ नागरिको वर्ष 2020 में बंद की गई रियायत को पुनः बहाल करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार नई को पत्र लिखा है। परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी, महामंत्री शिवबरन सिंह यादव और डा. नरेश कुमार ने इसकी गुहार वित्त मंत्री, रेल मंत्री, मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार, कामरेड षिव गोपाल मिश्रा से लगाई है पत्र के माध्यम से परिषद ने अनुरोध किया है कि देष के वरिष्ठ नागारिकों के लिए रेल किराया में वर्ष 2020 में पूर्व की प्रचलित व्यवस्था 58 वर्ष की आयु पर महिलायें तथा 60 वर्ष की आयु पर पुरूषों को भारतीय रेल में क्रमषः 50 प्रतिशत किराया में राहत दिये जाने की व्यवस्था को वर्तमान में प्रतिबन्धित किये जाने सम्बन्धी आदेष पर पुर्नविचार किया जाए। सरकार के पुर्नविचार करने से देष भर के लाखों वरिष्ठ जनों के हित होगा। पत्र में कहा गया कि आप भिज्ञ ही है, कि वर्ष 2020 से पूर्व भारतीय रेल में 58 वर्षो के ऊपर की महिलाओं को 50 प्रतिशत एवं 60 वर्षो के ऊपर पुरूषों को 40 प्रतिशत की रियायत दिये जाने का प्राविधान था जिसे बन्द किये जाने से वरिष्ठ जनों को आवागमन में अधिक आर्थिक व्यय भार वहन करना पड़ रहा है।पत्र में पीड़ा जाहिर करते हुए कहा गया है कि सरकारी अधिकारी,कर्मचारी अपनी अधिवर्षिता आयु तक पूर्ण रुपेण शासकीय कार्यो के बोझ से इस कदर दबे रहते है, कि उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त एलटीसी की सुविधा का लाभ लेने का भी पर्याप्त अवसर नही मिल पाता है। सेवानिवृत्ति पर ही अपने परिवारीजन के साथ भ्रमण,तीर्थ यात्रा, दर्षनीय स्थलों का भ्रमण आदि का कार्यक्रम बनाते है, किन्तु सेवानिवृत्ति पर अल्प आय के कारण कदाचित ऐसा करने से अपने आपकों असमर्थ पाते है। जबकि सरकार भी चाहती है कि पर्यटन को बढ़ावा मिलना चाहिए इस सब पर सबसे ज्यादा व्यय यात्रा मद में ही होता है यदि पूर्व की भांति रेल किराया में रियायत बहाल कर दी जाय तो ज्यादातर सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी,अधिकारी यात्रा, तीर्थटन आदि कर सकेंगे।

# 'फाइजर और मेदांता हास्पिटल ने वयस्कों के टीकाकरण के लिए लखनऊ में खोला सेंटर आफ एक्सीलेंस'




लखनऊ(संवाददाता))। फाइजर इंडिया और मेदांता हॉस्पिटल ने लखनऊ के मेदांता अस्पताल में वयस्क टीकाकरण के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) खोलने के लिए सहयोग किया है। इस सीओई का उद्देश्य टीकाकरण से बचाव वाली बीमारियों के लिए वयस्क टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध कराना है। उनमें न्यूमोकोकल रोग, इन्फ्लूएंजा, ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) और हेपेटाइटिस ए और बी, जैसी बीमारियां शामिल हैं। भारत में टीकाकरण से बचाव की जाने वाली बीमारियों से होने वाली 95: मौतें वयस्कों में होती है। लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए वयस्कों के टीके प्रभावी, विज्ञान समर्थित हैं, फिर भी देश में इसकी स्वीकारोक्ति काफी कम है। ये सीओई चिकित्साकर्मियों को समय पर वयस्क टीकाकरण के वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित फायदों और आवश्यकता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देने में अहम भूमिका निभा पाएगा। खासकर जिन लोगों को ज्यादा जोखिम है जैसे फेफड़े की क्रॉनिक समस्या (सीओपीडीडी एवं अस्थमा), डायबिटीज, क्रॉनिक हृदय रोग, क्रॉनिक किडनी रोग और इम्युन को प्रभावित करने वाली अन्य समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए ऐसा करना ज्यादा महत्वपूर्ण है। ऐसे लोग जिन्हें धूम्रपान, प्रदूषण का खतरा है या फिर जिनकी उम्र50 वर्ष या उससे अधिक है उनके लिए भी सुरक्षात्मक कदम के रूप में चिकित्साकर्मियों के साथ वयस्क टीकाकरण के बारे चर्चा करने से लाभ मिलेगा। डॉ. राकेश कपूर, मेडिकल डायरेक्टर एवं डायरेक्टर यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी, मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, लखनऊ ने कहा, "मेदांता अस्पताल में हम रोगों की रोकथाम और टीकाकरण के मामले में आगे रहने की कोशिश करते हैं। टीकाकरण केवल बचपन में ही नहीं, पूरे जीवनकाल के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे विशेषरूप से कमजोर समूहों को ज्यादा लाभ मिलता है जैसे क्रॉनिक बीमारियों से पीड़ित लोगों और बुजुर्गों को। इस नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का खुलना रोगियों को बेहतरीन क्वालिटी की देखभाल प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में सुधार दर्शाता है। फाइजर के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हम वयस्क टीकाकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम अपने समाज को टीकाकरण से बचाव वाली बीमारियों से बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते हैं।'' इस बारे में डॉ. रुचिता शर्मा एवं डॉ. साक्षी मनचंदा, सीनियर कंसल्टेंट, इंटरनल मेडिसिन, मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, कहती हैं, "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ना केवल महत्वपूर्ण टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि अपने रोगियों को वयस्क टीकाकरण के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने और उनकी चिंताओं को दूर करने में अहम भूमिका निभाएगा।'' ये सीओई रोगी की जानकारी बढ़ाने और रोगियों के मन में उठने वाली शंकाओं का निराकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही टीकाकरण जैसी जन स्वास्थ्य सुविधाओं से मिलने वाले दीर्घकालिक लाभों के बारे में भी प्रमुखता से जानकारी प्रदान करेगा।0000000

# भूतल पर पेंशन भोगियों की उपस्थिति दर्ज कराने की मांग

लखनऊ(संवाददाता))। नगर निगम के पेंशन भोगियों की उपस्थिति पूर्व की भाति भूतल पर पेंशन कक्ष में कराने के लिए नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। उनका कहना है कि उम्र और इस उम्र बीमारी आदि से ग्रसित सेवा निवृत्त कार्मिकों को जीना चढ़ने तथा अन्य मीटिंग होने पर काफी इंतजार करना पड़ता है। संघ द्वारा लिखे पत्र में कहा गया कि नगर निगम लखनऊ के पेंशन भोगियों की उपस्थिति व पेंशन सम्बन्धी कार्य भूतल पर स्थापित पेंशन कक्ष मे कराई जाती रही है। जो पेंशनरों की वृद्धावस्था एवं उनको होने वाली अनेक प्रकार की बीमारी, शारिरिक क्षमता के दृष्टिगत निर्णय लिया गया था। संघ के संज्ञान मे आया है कि वर्तमान मे सम्बन्धित अधिकारी द्वारा सभी पेंशन भोगियों को अपने समक्ष प्रथम तल पर स्थित अपने कार्यालय कक्ष मे उपस्थित होने पर ही उनकी उपस्थिति सत्यापित की जा रही है। उपस्थित न होने पर पेंशन रोकी जा रही है। जिस कारण 70–80 वर्ष के वृद्ध एवं बीमार पेंशनभोगियों को जीना चढ़कर प्रथम तल पर जाने मे अत्याधिक कष्ट उठाना पड रहा है एवं सम्बन्धित अधिकारी का कार्यालय कक्ष मे न होने अथवा मीटिंग इत्यादि मे होने के कारण वृद्ध पेंशनभोगियों को कई घण्टें खडे रहकर इंतजार भी करना पड रहा है। जिससे उनके साथ–साथ अन्य कर्मचारियों मे भी रोष उत्पन्न होना स्वाभाविक है एवं मानवीय दृष्टिकोण से भी उचित नहीं है। अतः संघ का मत है कि वृद्ध पेंशनभोगियों की उपरोक्त समस्याओं के दृष्टिगत पूर्व की ही भांति पेंशनभोगियो की उपस्थिति एवं पेंशन सम्बन्धी कार्य भूतल पर स्थापित पेंशन कक्ष मे ही कराये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।

# यूट्यूबर एल्विश यादव की बढ़ीं मुश्किलें, ईडी ने मनी लान्ड्रिंग मामलें में भेजा समन

लखनऊ(संवाददाता))। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव को उसके द्वारा आयोजित पार्टियों में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल से जुड़े धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए 23 जुलाई को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय एजेंसी ने मई में मामला दर्ज किया था और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) जिले में पुलिस द्वारा एल्विश यादव और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी और आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप लगाए थे। सूत्रों ने बताया कि एल्विश यादव को इस सप्ताह ईडी के लखनऊ कार्यालय के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन उन्होंने अपनी विदेश यात्रा और पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण मोहलत मांगी थी। सूत्रों ने बताया कि अब उन्हें 23 जुलाई को ईडी के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के गायक राहुल यादव उर्फ राहुल फाजिलपुरिया से इस सप्ताह ईडी ने पूछताछ की थी। राहुल के एल्विश यादव से कथित तौर पर संबंध हैं। उन्हें फिर से पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने 17 मार्च को गिरफ्तार किया था। यादव पर आरोप है कि उसके द्वारा आयोजित पार्टियों में नशे के लिए सांप के जहर का इस्तेमाल किया जाता था।

# भाजपा विधायक के पुत्र विकास किशोर ने मलिहाबाद और माल पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल



मलिहाबाद। ,लखनऊ मलिहाबाद माल पुलिस की कार्यशाली से नाराज भाजपा विधायक जय देवी उनके छोटे बेटे विकास किशोर बुधवार को मलिहाबाद तहसील में अपने प्रस्तावित धरने के लिए गए। लेकिन कार्यकर्ताओं के साथ उन्होने धरना तो नहीं दिया लेकिन दौरान उन्होने माल मलीहाबाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

इस दौरान भाजपा विधायक जय देवी कौशल भी उनके साथ थी। अपने तमाम कार्यकर्ताओं के साथ प्रस्तावित धरने के लिए तहसील परिसर में पहुंच कर मीडिया से बातचीत की। इस दौरान विधायक पुत्र विकाश किशोर मलिहाबाद व माल पुलिस की कार्यशैली से नाराज है। उनका आरोप कि माल मलिहाबाद के माल मलिहाबाद एस एच ओ लगातार जितने भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं जितने भी बार थाने जाते हैं तो उनको यदि कोई बता देता है कि हम बीजेपी के कार्यकर्ता है तो उन पर 151 की कार्रवाई कर देते हैं और यह बता दे की विधायक जय देवी व पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने भेजा है या मेरा नाम ले लें तो उनका 151 कार्यवाही कर देते हैं इसलिए हम लोग आज धरना देना आए थे। कल मुख्यमंत्री के यहां से फोन आया व प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल के कार्यालय गए थे और इस संबंध में डीएम साहब का विधायक जय देवी के पास फोन भी आया था मुख्यमंत्री के यहां से फोन आया है कि उन्होंने आश्वासन दिया है कि हम जल्द से जल्द कार्रवाई करेंगे और संगठन मंत्री द्वारा कहा गया कि अभी कोई धारना नहीं करना है इनके ऊपर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी अभी कुछ दिन पहले ही पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पुत्र विकास किशोर द्वारा मलिहाबाद इंस्पेक्टर द्वारा नबी नगर गांव निवासी आकाश मौर्य को पकड़ा था। जिसके बाद भी विकास किशोर द्वारा पुलिस कार्यशैली को लेकर आरोप लगाए थे। जिसके बाद पुलिस कार्यशैली को लेकर कोई भी कारवाही नही हुई थी।

# हजरत उस्मान गनी रजि0 के अन्दर शर्म व हया बहुत थी : सुफयान निजामी

लखनऊ खौफे खुदा तमाम मुहासिन का सरचश्मा है। जो दिल खुदा पाक के डर से काँपता नही, इससे किसी नेकी की उम्मीद नही हो सकती। हजरत उस्मान गनी रजि0 खौफे खुदा से रोते रहते, मौत, कब्र का ख्याल हमेशा उनको पकड़े रहता। इन ख्यालात का इज्हार मौलाना मो0 सुफयान निजामी अध्यापक दारूल उलूम फरंगी महल ने किया। वह आज दारूल उलूम फरंगी महल में इस्लामिक सेन्टर के अर्न्तगत दस दिवसीय जलसे ''शुहादा–ए–दीन–हक व इस्लाह–ए–मुआशरा'' के तहत तीसरे जलसे को खिताब कर रहे थे।उन्होंने कहा कि तीसरे खलीफा हजरत उस्मान रजि0 के अंदर शर्म व हया की इम्तियाज़ी सिफत थी। आप रजि0 में इस हद तक शर्म व हया थी कि खुद हुजूर करीम सल्ल0 इसका पास व लिहाज रखते थे। एक बार सहाबाक्राम रजि0 बैठे थे। नबी पाक सल्ल0 भी तशरीफ फरमा थे। जानूए मुबारक का कुछ हिस्सा खुला हुआ था। मालूम हुआ कि हजरत उस्मान रजि0 तशरीफ ला रहे हैं तो आप सल्ल0 संम्भल कर बैठ गए। लोगों ने आप सल्ल0 से इस एहतिमाम की वजह पूछी तो फरमाया कि उस्मान रजि0 की हया से फरिश्ते भी शरमाते हैं।मौलाना ने कहा कि हजरत उस्मान रजि0 सब्र के पैकर थे। मुसीबतों को निहायत सब्र व सुकून के साथ बर्दाश्त करते थे। शहादत के मौक़े पर चालीस दिन तक जिस सूझ बूझ, जब्त का इज्हार किया वह अपने आप में एक उदाहरण है।उन्होंने कहा कि इन जलसों का बुनियादी मकसद यह है कि हम सहाबाक्राम रजि0 जैसे पाक व साफ लोगों के जीवन से वाकिफ हों और अपनी जिन्दगी को इन मुबारक साँचों में ढ़ालने की कोशिश करें। जलसे का आरम्भ दारूल उलूम निजामिया फरंगी महल के उस्ताद क़ारी अब्दुल मुगीस की तिलावत कलाम पाक से हुआ। जलसे का संचालन मौलाना मो0 शमीम ने किया और जलसा का अंत मौलाना मो0 सुफयान निजामी की दुआ पर हुआ।

# सीएम योगी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी जन्मदिन की बधाई, सोशल मीडिया एक्स पर किया पोस्ट



लखनऊ(संवाददाता))। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को देश के रक्षा मंत्री तथा लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा, जनप्रिय राजनेता, भारतीय जनता पार्टी परिवार के वरिष्ठ सदस्य, माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक बधाई! मुख्यमंत्री ने लिखा ''प्रभु श्री राम की कृपा से आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं सुयश पूर्ण जीवन की प्राप्ति हो, यही प्रार्थना है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के रहने वाले राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी और फिर भाजपा की युवा शाखा में शामिल हो गए। सिंह की छवि एक गैर–विवादास्पद नेता की है। चाहे सहयोगी दल हों या विपक्षी, पेचीदा मुद्दों पर आम सहमति बनाने के लिए वह अक्सर पार्टी की पसंद रहे हैं। वह वर्तमान में लोकसभा में लखनऊ संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# मायावती ने एसआईटी रिपोर्ट पर उठाया सवाल, कहा ये राजनीति से प्रेरित



लखनऊ(संवाददाता))। बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने हाथरस में हुए हादसे पर तैयार की गई एसआईटी रिपोर्ट पर गंभीर सवाल उठाया है। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट के जरिये उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा है कि 121 लोगों की मौत सरकारी लापरवाही का जीता–जागता प्रमाण है, लेकिन एसआईटी ने जो रिपोर्ट पेश की है वो राजनीति से प्रेरित है। इसको घटना की गंभीरता के हिसाब से नहीं तैयार किया गया है। मायावती ने लिखा कि इस अति–जानलेवा घटना के मुख्य आयोजक भोले बाबा की भूमिका के सम्बंध में एसआईटी की खामोशी भी लोगों में चिन्ताओं का कारण। साथ ही, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के बजाय उसे क्लीनचिट देने का प्रयास खासा चर्चा का विषय। सरकार जरूर ध्यान दे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो।

# गो आश्रय स्थलों में की जाये पर्याप्त व्यवस्था

## गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए : धर्मपाल



लखनऊ(संवाददाता))। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि निराश्रित गोवंश के लिए साल भर पौष्टिक चारे की उपलब्धता के लिए गोचर भूमि एवं ग्राम समाज की भूमि पर चारा बोया जाए। वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नेपियर घास लगाई जाए और कृषि विभाग से समन्वय स्थापित कर उन्नत किस्म का चारा बोए जाने पर भी कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों में गोवंश हेतु टीन शेड,चारा–भूसा, पानी, प्रकाश एवं वर्षा ऋतु व बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। गोवंश को भीगने से बचाव हेतु टीनशेड की व्यवस्था की जाये और खड़ंजा लगाया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश खेतों या सड़कों पर विचरण करते न दिखाई दें। इसलिए अधिकारी निराश्रित गोवंश को आश्रय स्थलों पर पहुचाये जाने के लिए निरन्तर प्रयास करें।

## संक्षिप्त खबरें........

## बेसहारा महिला को नहीं मिला किसी भी सरकारी योजना का लाभ

अयोध्या(एजेंसी)। मिल्कीपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा उपाध्यायपुर में एक अत्यंत बेसहारा ब्राह्मण विधवा की सूचना मिलते ही समाजसेवी राजन पांडे अपने जन्मदिन पर उनके द्वार पहुंचे वहां पहुंचने पर पता चला उस बेसहारा मां के पास ना तो आवास है ना ही किसी सरकारी योजना का लाभ पाती है और ना ही उनकी पेंशन मिलती है। इतनी भयावह स्थिति देखकर समाजसेवी राजन अपनी आंखों से आंसू रोक ना सके। राजन पाण्डेय ने परिवार से वादा किया है कि अगर उन्हें 2 महीने में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलता तो उनके द्वारा स्वयं के कमाई से उस बेसहारा मां के लिए आवास बनवाया जाएगा। समाजसेवी राजन ने परिवार के लिए 50 किलो चावल 50 किलो आटा 10 किलो दाल तिरपाल सहित अन्य जरूरत का सामान तथा 1000 रूपये की आर्थिक मदद उपलब्ध कराई।

राजन पाण्डेय ने राजनेताओं तथा अधिकारियों कि भर्त्सना करते हुए कहा कि कि उनके आंखों का पानी मर गया है ऐसे बेसहारा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ इस वजह से नहीं मिल पाता क्योंकि इनके पास देने के लिए सुविधा शुल्क नहीं होता। उन्होंने ने कहा कि इस मामले को वह जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री के सामने रखेंगे और इसमें संलिप्त अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग भी करेंगे। इसी क्षेत्र से समाजसेवी राजन के सुपुत्र अंकित पांडेय जिला पंचायत सदस्य है उन्होंने इसके पहले भी जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर मांग कर चुके है कि सरकारी योजनाओं का लाभ इस बेसहारा परिवार को मिले परन्तु अभी तक तक कुछ भी नहीं किया गया। इस माके पर सैकड़ो ग्रामवासी भी मौजूद रहे जिन्होंने समाजसेवी राजन के दीर्घायु की कामना की।

## 750 किसानों को मिला मुफ्त बिजली योजना का लाभ

मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। किसानों के लिए बिजली विभाग द्वारा चलायी जा रही किसान मुफ्त बिजली योजना को 15 जून तक बढ़ा दिया गया है। किसान 15 जून तक रजिस्ट्रेशन कराकर योजना का लाभ ले सकेंगे। प्रदेश सरकार ने किसानों को एक अप्रैल 2023 से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दे रही है। मुफ्त बिजली योजना का लाभ वहीं किसान पाएंगे, जिनका सम्पूर्ण बिजली बिल जमा होगा। किसान मुफ्त बिजली योजना में किसान 15 जुलाई तक पंजीयन करा सकेंगे। पंजीयन के समय किसान को 30 प्रतिशत भुगतान, अवशेष बकाया तीन से छह किश्तों में जमा कराने का मौका दिया गया है। एसडीओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि निजी नलकूप उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तीन से छह किस्तों में बकाया बिल जमा कराने का मौका 15 जुलाई तक है। ओटीएस में पंजीयन की समय सीमा बढ़ा दी गई है। योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक किसान बिजली फ्री की सुविधा का उठा सकें। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए 1 अप्रैल से ओटीएस योजना लागू है। किसानों द्वारा रुचि न दिखाए जाने के कारण पंजीयन की रफ्तार कम है। उप खंड अधिकारी ने बताया कि 4351 कृषकों में से करीब 750 कृषकों ने ओटीएस कराकर करीब 2 करोड़ 25 लाख का भुगतान कर दिया है।

## मुंबई से हवाई यात्रा कर रहे यात्री की अयोध्या एयरपोर्ट पर बिगड़ी हालीत

अयोध्या(एजेंसी)। मुंबई से हवाई यात्रा कर रहे यात्री की महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरने के बाद अचानक हालत बिगड़ गई पुत्र द्वारा जिला चिकित्सालय अयोध्या लाने पर इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर आशुतोष प्रताप सिंह ने मृतक घोषित किया प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनरेश यादव पुत्र चंद्रा देव यादव आयु 44 वर्ष निवासी मेला न रा वा थाना विशुन पूरा जिला कुशीनगर मुंबई से अपने परिवार समेत हवाई यात्रा कर रहा था की महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर उत्तर की उसकी हालत बिगड़ते देख पुत्र सी राज यादव द्वारा बीते सोमवार की शाम 7:15 बजे जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर आशुतोष प्रताप सिंह ने मृतक घोषित कर दिया परिजनों द्वारा शव लेकर चले गए हैं।

## एसडीएम ने गोताखारों को दी राहत सामग्री व किट

अयोध्या(एजेंसी)। सरयू नदी के बढ़ते जल स्तर और जनपद में सम्भावित बाढ़ से होने वाले प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने की भी व्यवस्था कर ली गई है। प्रयाप्त संख्या में नावों की व्यवस्था की गई है। आकस्मिकता की स्थिति में किसी भी बाढ़ प्रभावित व्यक्तिध्परिवार को कोई असुविधा न हो साथ ही उन्हें वहां पर प्रकाश, स्वास्थ्य, पेयजल, साफ–सफाई आदि का विशेष प्रबंध किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

इसी को लेकर मंगलवार को तहसील सदर परिसर में एसडीएम राजकुमार पांडेय ने गोताखोरों को राहत सामग्री और किट वितरित किया। उन्होंने गोसाईंगंज से आए गोताखोरों लाइफ जैकेट दी। उन्होंने कुल 16 लोगों को लाइफ जैकेट दी। बताते चलें कि अयोध्या में सरयू खतरे के निशान से 43 सेंटीमीटर बह रही है

# उपनिदेशक पर्यटन को टूरिस्ट विलेज विकसित करने का दायित्व

### -श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद् की सहायता हेतु गठित नियोजन व विकास समिति की हुई बैठक



अयोध्या(एजेंसी) । मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में पूर्व निर्गत एजेण्डा के अनुसार श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद् की सहायता हेतु गठित नियोजन तथा विकास समिति की द्वितीय बैठक मुख्य कार्यपालक अधिकारी के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में नियोजन तथा विकास समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहें। सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा गठित नियोजन तथा विकास समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद अयोध्या द्वारा अंकन 461.38 करोड़ रूपये प्रेषित प्रस्तावित कार्ययोजना के कार्य जिनमें मणिपर्वत के चारों ओर 100 मीटर ए०एस०आई प्रतिवन्धित क्षेत्र को छोड़कर पर्यटन विकास के दृष्टिगत सौन्दर्गीकरण कराये जाने, अयोध्या राम की पैडी पर दर्शकों की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुये दर्शक दीर्घा एंव पर्यटकीय सुविधाओ का विकास, सरयू नदी के राजघाट के सन्निकट एम्पलीथियेटर एंव फूड कोर्ट का कार्य, गुप्तार घाट पर वाउन्ड्रीबाल का निर्माण कराये जाने, सरयू आरती घाट पर वाटर स्कीन का कार्य, अयोध्या में रामपथ भक्ति पथ, धर्मपथ, जन्म भूमि पथ पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत मिनिस्टि फैन, कैनोपी आदि एवं अन्य कार्यों की प्रस्तावित कार्ययोजना से अवगत कराया गया।

मण्डलायुक्त द्वारा बिगत बैठक में दिये निर्देश ऐसे ग्राम जिनमें दीपोत्सव हेतु दीपक बनाये जा रहे को टूरिस्ट विलेज के रूप में विकसित करने का दायित्व उपनिदेशक पर्यटन को दिया गया था। मण्डलायुक्त द्वारा पर्यटन के दृष्टिगत दीपक बनाने वाले दो ग्रामों को अवस्थापना सुविधा विकसित किये जाने के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल द्वारा अवगत कराया गया कि चौरासी कोसी परिक्रमा का यह चौथा विश्राम स्थल है जहाँ श्रद्वालुओ की अत्यन्त भीड 84 कोसी परिक्रमा में विश्राम करती है। इस स्थल पर स्थित महादेवाघाट तमसा नदी के किनारें समग्र विकास कार्ययोजना को सम्मिलित किये जाने का अनुरोध किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा उक्त स्थल का निरीक्षण कर कार्ययोजना तैयार करने हेतु अयोध्या विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया। उ०प्र० राजकीय निर्माण निगम के प्राजेक्ट मैनेजर को रानो पाली एंव महामसर कुण्ड का प्रस्ताव बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पाराशर आश्रम, पौसरा दिलासीगंज का सौन्दर्गीकरण कराये जाने हेतु परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी पी०एन०सिंह एंव महादेवा घाट स्थित रैन वसेरा के स्थल का निरीक्षण धीरज श्रीवास्तव संयुक्त मुख्यकार्यपालक अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैयर, श्री अश्वनी कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या, प्रणव जैन प्रभागीय वनाधिकारी अयोध्या, शशी भूषण राय, अपरनगर आयुक्त, पी०एन० सिंह संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी अयोध्या, सहयुक्त नियोजक नगर और ग्राम्य नियोजन अयोध्या मण्डल अयोध्या, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम ग्रामीण अयोध्या, वित्त एंव लेखाधिकारी विकास प्राधिकरण अयोध्या अयोध्या, क्षेत्रीय अधिकारी उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अयोध्या अध्यक्ष नगर पंचायत गोसाईगंज, कुमारगंज, बीकापुर खिरौनीएंव यू०पी०पी०सी०एल०, यूपी०आर०एन०एन० के प्रोजेक्ट मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस

सोनभद्र(एजेंसी)। मंगलवार को रावटसगंज नगर के आदर्श इंटर कॉलेज में जिला संयोजक मृगांक दुबे के नेतृत्व में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विभाग संगठन मंत्री अमित देव पांडे ने बताया कि आज के परिवेश में विद्यार्थियों की भूमिका बताते हुए कहा कि एक विद्यार्थी के रूप में मनुष्य का देश के प्रति पहला कर्तव्य यह होता है कि वह अपनी शिक्षा उचित रूप से पूर्ण करें,दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है, देश के शक्तिबोध तथा सौंदर्यबोध को बढ़ाना,एक विद्यार्थी को अपने व्यवहार में सज्जनता रखनी चाहिए,देश के लिए अपने कर्तव्य को भलिभांति समझाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आदर्श इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल संतोष मौर्य ने बताया कि एबीवीपी के घोषणापत्र में शैक्षिक और विश्वविद्यालय सुधार जैसे एजेंडा शामिल हैं,यह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र–संघ चुनावों में प्रतिस्पर्धा करता है, जिला संयोजक मृगंग दुबे ने बताया कि यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हो, छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु एक एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है,विद्यार्थी परिषद् के अनुसार, छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है,विद्यार्थी परिषद् का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है,

# अभियान चलाकर लोगों को यातायात व सड़क सुरक्षा के लिए किया गया जागरूक

### -विशेष अभियान के तहत चलाया गया यातायात एवं सड़क सुरक्षा अभियान



अयोध्या(एजेंसी)। जिले भर में विभिन्न स्थानों पर सुबह 8 बजे से विशेष अभियान जागरूकता चलाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने एवं बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बृहद स्तर पर अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन न चालाने हेतु जागरुक किया गया । अल्पवयस्क बच्चे के स्कूटी, दो पहिया, चार पाहिया, वाहन न चलाये जाने के सम्बन्ध में स्कूल कालेजों में गोष्ठियां कर जागरुक किया गया एवं नाबालिग बच्चों को वाहन देने वाले वाहन स्वामी के विरुद्ध कार्यवाही एवं नाबालिग बच्चों को वाहन देने वाले वाहन स्वामी को उत्तरदायित्व ठहराते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही यातायात निरीक्षक एवं यातायात उप निरीक्षक द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते हुए 18 वर्ष के कम आयु के बच्चों को वाहन न चलाने हेतु, नाबालिग बच्चों समझाते हुए निर्देशित किया जाए जाने के लिये निदेर्शित भी किया गया । जिससे भविष्य में 18 वर्ष से पूर्व किसी बच्चों को दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का संचालन न करने के संबंध में उनको बताया जाए। साथ ही सभी स्कूल वन एवं बस का फिटनेस परमिट चेक समय–समय पर कराए जाने की जानकारी दी गई।त्र साथ ही यातायात अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा दो पहिया अथवा चार पहिया वाहनों का संचालन किया जाना किसी भी दशा में उचित नहीं है। यातायात पुलिस, अयोध्या आपकी सुरक्षाध्सुगम यातायात व्यवस्था के लिये दृढ संकल्पित है।त्र साथ में ही सम्मानित नागरिको एवं अभिभावकों से अपील की गई कि जनपद अयोध्या में 18 वर्ष से कम आयु वाले स्कूल के छात्रध्छात्राओं द्वारा बिना ड्राइविंग लाईसेंस के दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाया जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। कोई भी अभिभावक अपने 18 वर्ष से कम आयु के छात्रध्छात्राध्बच्चों को दो पहियाध्चार पहिया वाहन किसी भी दशा में वाहन ना दें, यातायात पुलिस अयोध्या द्वारा अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की चेकिंग की जायेगी तथा चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर अयोध्या पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 199 के के अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा नौ सूत्रीय ज्ञापन



सोहावल–अयोध्या(एजेंसी)। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की तहसील सोहावल में पंचायत कर 9 बिंदुओं का ज्ञापन एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी को सौंपा। पंचायत का संचालन वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने किया और बिंदुवार चर्चा की कहा कि करोड़ों की लागत से एक दशक पहले सोहावल तहसील में बानी पानी की टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है आज तक एक बूंद पानी नहीं निकला सरकार द्वारा हर घर नल जल योजना चल रही है लेकिन तहसील में बनी टंकी को चालू नहीं कराया जा रहा है। सोहावल स्टेशन से सीएचसी अस्पताल रोड बद से बत्तर हो गया है। अस्पताल जाने वाले मरीज एंबुलेंस स्कूली बच्चे राजगीरों को 2 साल से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बराबर जल भराव बना रहता है शीघ्र सड़क बनवाई जाय।क्षेत्र में पूर्व में नालों की सफाई न होने से जल भराव हो गया है।सफाई कराया जाय।सोहावल तहसील क्षेत्र के लेखपाल को एक हफ्ते में एक दिन गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या को सुना जाए और उनका निस्तारण किया जाय। नगर पंचायत में जुड़े गांव का परिवार रजिस्टर हैंड ओवर कराकर नगर पंचायत से नकल जारी कराई जाय। नगर पंचायत में जुड़े 6 ग्राम सभाओं मे बने शौचालय को शीघ्र चालू कराया जाय।जिससे ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। तहसील क्षेत्र में गांव गांव बनी घरौनी तत्काल फीड कराया जाय।जिससे ग्रामीणों को सुविधा मिल सके, 30 परसेंट पात्र व्यक्ति राशन कार्ड की सुविधा से वंचित रह गए हैं। तहसील का चक्कर काट रहे हैं उनका कार्ड बनाया जाय।विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है मीटर रीडर घर बैठे रीडिंग निकल रहे हैं। बिल पूरा जमा करने के बाद भी 2 महीने में लोगों का बिल 22 हजार 20 हजार बढ़कर आ रहा है। सही करने के नाम पर अवैध वसूली कर उपभोक्ता को आफिस का चक्कर लगवाया रहा है इस पर विराम लगाया जाय। पंचायत की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या व ब्लॉक अध्यक्ष राम अभिलाष यादव ने किया।पंचायत में प्रमुख रूप से जगदंबा वर्मा जवाहर लाल तिवारी सुखदेव सिंह जग प्रसाद आसमा निशा रेखा सिंह राजरानी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालयों में जलभराव की समस्या का किया जाए स्थायी समाधान :नितीश कुमार



अयोध्या(एजेंसी)। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेयजल एवं जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला स्वच्छता समिति की अनुपालन आख्याओं की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवीन लक्ष्य 15698 की संस्तुति एवं पूर्व वर्ष के अवशेष लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं द्वितीय किश्त दिये जाने का नियमानुसार समिति द्वारा निर्देशित किया गया। समिति द्वारा नवीन लक्ष्य 15698 हेतु ग्राम पंचायत से प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार सत्यापन कराने व पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में जनपद के ग्रामों में ऐसे जल भराव वाले ऐसे स्थल जहां से लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ता हो, ऐसे सार्वजनिक स्थल जहां जलभराव होता है, ऐसे विद्यालय जहां जलभराव की समस्या है आदि की सूचीबद्व करने के निर्देश दिये तथा योजनाबद्व रूप से समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिये जिससे जलभराव की समस्या कहीं न आयें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जलभराव वाले विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा ऐसे सभी विद्यालयों में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में एस0एल0डब्ल्यू0एम0 के तहत नवीन चयनित 331 ग्राम पंचायतों के 516 ग्रामोंध्ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना की संस्तुति प्रदान की गयी। जिसे अब शासन स्तर पर प्रेषित किया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न नगर निकायोंध नगर निगम में सम्मिलित ग्रामों में स्थित पंचायत भवनों व उसमे उपलब्ध संसाधनों का बेहतर सदुपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# वेतन न मिलने पर विद्युत विभाग आउटसोर्सिंग कर्मचारी मीटर रीडरों ने किया विरोध प्रदर्शन

### कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जताया विरोध सौपा पत्र



सोनभद्र(एजेंसी)। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी मीटर रीडरों का 4 मा के वेतन व 32 माह के ईपीएफ व ईएस आई सी के पैसा भुगतान न होने पर किया विरोध प्रदर्शन डीएम नामित पत्र संबंधित को देखकर बुलंद की आवाज। श्याम प्रकाश पटेल व रविन्द्र ने बताया कि विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी मीटर रीडरों का 4 माह का वेतन व 32 माह का म्ध्थ् व म्ैप्ब् के पैसों के घोटाला कर लिया गया है हम कर्मचारियों का भुगतान नही मिला है। वही आउटसोर्स कर्मचारी मीटर रीडरों ने बताया कि कि उत्तर प्रदेश के मीरजापुर मंडल के जिले सोनभद्र में विद्युत बिलिंग का ठेका मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजी एण्ड सर्विसेस को मिला है, और इस कम्पनी का अनुबंध माह नवम्बर 2021 से है। इस कम्पनी ने 4 माह का वेतन व नवम्बर से आज तक कोई भी म्ध्थ् व म्ैप्ब् का पैसा नहीं जमा किया है और ना ही परिवार सुरक्षा का हेल्थ कार्ड दिया है, जहाँ मीरजापुर मण्डल के सोनभद्र जिले में 252 मीटर रीडर कर्मचारी कार्य करते हैं, और हर माह म्ध्थ् व म्ैप्ब् नाम पर वेतन से कटौती होती है, और जिसका भुगतान उनके बैंक खाते में न करके कर्मचारी के वालेट पर करते हैं जब की ऐसा कोई अनुबंध विभाग व कम्पनी के बीच नहीं हुआ है। किसी भी जिले के म्ध्थ् कार्यालय में नहीं खुला है, और पहले से पड़े भविष्य निधि के खाते में जमा पैसे को भी अपने अधीनस्थ कर लिया है। कई बार पत्र के माध्यम से शासन, प्रशासन व विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया इससे यह प्रतीत होता है कि कम्पनी व विभाग के उच्च अधिकारियों की मिली भगत से मामले को दबा दिया जाता है। बताया कि हम सब को न्याय दिलाते हुये इस कानूनी कार्यवाही की जाये जिससे भविष्य में ऐसी कोई गलती दुबारा ना करें।

# नगर पंचायत को बदनाम करने की हुई साजिश : मोहम्मद राशिद

### - भाजपा के दो सभासद छोड़ सभी सभासदों ने चेयरमैन का किया समर्थन



अयोध्या(एजेंसी)। नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के मिर्जापुर निमोली में सड़क की मिट्टी पटाई प्रकरण में चेयरमैन मोहम्मद राशिद अब खुल कर मुखर हो गए हैं। उन्होंने पूरे मामले को लेकर नगर पंचायत को बदनाम करने और विकास कार्य बाधित करने की साजिश बताया है। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में चेयरमैन ने सभासदों का बहुमत पेश करते हुए कहा कि वह और नगर पंचायत प्रशासन विकास के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि कुछ सभासद विरोध कर रहे हैं जो उचित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के 11 में से 7 सभासद उनके पक्ष में हैं। बता दें कि सभासद रामकरन मौर्या ने ठेकेदार पर चोरी से मिट्टी खोदकर उठा ले जाने का आरोप लगाया है। इसी मामले में अधिशासी अधिकारी से दुर्व्यवहार को लेकर केस भी दर्ज किया गया है। बाद में भाजपा के पांच सभासदों ने मुख्यमंत्री से नगर पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते हुए जिला मुख्यालय पर ज्ञापन दिया है। मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने आरोप लगाया कि मिर्जापुर में सड़क पटाई का कार्य चल रहा था। जिसमें बगल से मिट्टी ली जा रही थी। इसी का विरोध करते हुए सभासद रामकरन मौर्य ने मिट्टी पिटाई का कार्य बंद कर दिया और अधिशासी अभियंता को जाति सूचक गाली देते हुए मारने पीटने पर उतारू हो गए।नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि ज्यादातर सभासद विकास कार्यों के पक्ष में रहते हैं। केवल 2 सभासद रामकरन मौर्या और प्रेम कुमार मौर्या विरोध कर रहे हैं। कहा कि 18 में 13 सभासद हमारे समर्थन में है। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के नगर का विकास कराया जा रहा है। अब एक साजिश के तहत नगर पंचायत को बदनाम कर छवि धूमिल की जा रही है। नंदीग्राम के भाजपा सभासद रामकृष्ण पांडेय ने कहा कि नगर पंचायत के सभी वार्डो का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा समान रूप से सभी वार्डों में विकास कार्य कराया जा रहा है। प्रेस वार्ता में भाजपा के 7, सपा के 5 और बसपा के 1 सभासद मौजूद रहे। खास बात यह रही कि ईओ द्वारा दर्ज कराए गए केस के सात में से दो सभासद भी चेयरमैन के साथ मौजूद रहे।

## आईएचडब्लूओ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सोनभद्र के डाकुसुमाकर श्रीवास्तव

सोनभद्र(एजेंसी)। सोनभद्र जिले के निवासी वरिष्ठ समाजसेवी, प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ कुसुमाकर श्रीवास्तव को आईएचडब्ल्यूओ यूपी का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विगत दिनों सोनभद्र जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जेएन सिंह रघुवंशी व डॉ मनोरंजन पाल की देख रेख में नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें वाराणसी के डॉक्टर दिनेश (अध्यक्ष) सोनभद्र के डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष) प्रयागराज के ईश्वर चंद्र विद्यासागर (उपाध्यक्ष) डॉ. आरसी यादव (महासचिव) रायबरेली के दलजीत सिंह (सहायक सचिवध्कोषाध्यक्ष) मनोनीत किया गया है।

# भगवान राम, अयोध्या व सनातन को कोई कभी समाप्त कर ही नहीं सकता



मृत्युंजय दीक्षित ।

संसद सत्र में कमजोर दिखने के बाद विपक्ष के तेवर और तीखे हो गये हैं वह सच्ची–झूठी बातों को लेकर सरकार आरोप लगा रहा है। सोशल मीडिया स्वयं प्रियंका गाँधी ने ऐसे वीडियो डाले जो फेक थे। वास्तविक मुद्दों से अधिक विपक्ष झूठ फैलाने में सक्रिय है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में विकसित भारत के संकल्प के साथ काम में जुट गए हैं और विपक्ष अभी भी तीसरी पराजय की हताशा में डूबा चुनावी मोड में दिख रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व में सम्पूर्ण विपक्ष के नेता सप्ताह में दो बार सरकार गिरने की भविष्यवाणी करके सनसनी फैलाने और मीडिया की फुटेज खाने का प्रयास करते रहते हैं। वर्तमान लोकसभा में कुछ सीटें अधिक आने से कांग्रेस का दिमाग सातवें आसमान पर है। जब से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के रूप में स्थान मिला है, कांग्रेसी हर दिन मोदी सरकार अब गिरी तब गिरी के सपने देख रहे हैं।

नई सरकार के गठन के बाद पहले संसद सत्र में मोदी सरकार ने जिस कुशलता के साथ विपक्ष के प्रत्येक दांव को ध्वस्त किया उससे विपक्ष बुरी तरह तिलमिला गया है। राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष ने पहले लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव पर सरकार को घेरने और उसमें मतदान कराकर गिराने का सपना देखा और फिर नीट पेपर लीक घोटाले पर बहस करने को लेकर अड़ गया किंतु दोनों ही जगह वह मात खाया। यानि संसद के पहले सत्र में विपक्ष ने अनावश्यक रूप से सरकार को गिराने व घरेने का प्रयास किया और विफल रहा।संसद सत्र में कमजोर दिखने के बाद विपक्ष के तेवर और तीखे हो गये हैं वह सच्ची–झूठी बातों को लेकर सरकार आरोप लगा रहा है। सोशल मीडिया स्वयं प्रियंका गाँधी ने ऐसे वीडियो डाले जो फेक थे। वास्तविक मुद्दों से अधिक विपक्ष झूठ फैलाने में सक्रिय है। बारिश में पानी भरने के लिए भी केंद्र सरकार को कोसा जा रहा है और ब्राजील का वीडियो रामपथ के नाम से पोस्ट किया जा रहा है। विपक्ष को लगता है इस तरह झूठ फैलाने से मोदी सरकार की छवि प्रभावित हो जाएगी और उसको गिरना सरल होगा।

राहुल गांधी सक्रियता के नाम पर आवेश दिखा रहे हैं। उन्होंने लोकसभा की 543 में से 99 सीटों पर सफलता प्राप्त की है और उनका अहंकार इतना अधिक बढ़ गया है कि वह जितनी बार मुंह खोलते हैं उतनी बार हिंदू समाज व उसकी आस्था के प्रतीकों का अपमान करते हैं फिर चाहे वो संसद के अंदर हो या बाहर। जहां जहां कोई दुर्घटना या सामाजिक समस्या है वहां वहां राहुल गांधी का काफिला अपनी राजनीति चमकाने जा रहा है। राहुल अभी तक हाथरस, मणिपुर और असम जाकर अपनी मोहब्बत की दुकान का प्रचार कर चुके हैं। समस्या कोई भी हो, स्थान कोई भी हो राहुल चर्चा केवल मोहब्बत की दुकान की ही करते हैं, इस बीच कोई पत्रकार प्रश्न पूछ ले तो उनके तेवर बदल जाते हैं और वो गुस्से में पैर पटक कर चल देते हैं।

सोनिया के समय हिन्दुओं के प्रति कांग्रेस दबी ढकी नफरत राहुल के समय खुल कर सामने आ गई है। राहुल गांधी ने संसद में अपने पहले ही भाषण में सम्पूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहने का दुस्साहस किया। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी ने जोर देकर इस बात को दोहराया किदृ जो अपने को हिन्दू कहते हैं वो हिंसक होते हैं। सदन में प्रधानमंत्री जी ने इसका तत्क्षण इसका प्रतिवाद किया और बाद में अपने संबोधन में भी इस पर विस्तार से चर्चा की तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग हंगामा करते रहे। राहुल गांधी ने अपमानजनक तरीके से भगवन शिव का चित्र लहराया और उनके स्वरुप की गलत विवेचना करी। सदन के बाहर विरोध होने पर कांग्रेस ने एक बार झूठ का सहारा लेकर मामले पर लीपा पोती करने का प्रयास किया ।नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहली बार गुजरात पहुंचे राहुल गांध ी इतने अधिक उत्साह में थे कि वह "वाराणसी में ही प्रधानमंत्री मोदी को निपटा देते" जैसी शब्दावली का प्रयोग करने लगे। राहुल यहीं नहीं रुके, आगे बढ़ते हुए बोले "गुजरात से लालकृष्ण आडवाणी ने जो मूवमेंट चलाया था उसे हमने अयोध्या में हरा दिया है"। स्पष्ट है राहुल गाँधी को न तो श्री रामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ का इतिहास पता है, न उनमें हिन्दुओं की आस्था के प्रति सम्मान है। राहुल गांधी ने गुजरात में अपने भाषण के माध्यम से हिंदू समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि उन्होंने कांग्रेस की कुछ सीटें बढ़ाकर बड़ी गलती कर दी है। राहुल के इस बयान से कांग्रेस की वामपंथी मुस्लिम परस्त मानसिकता ही बेनकाब हुयी है।

आजकल राहुल और अखिलेश फैजाबाद के सांसद को तमगे की तरह साथ लेकर घूमते हैं, उनको अयोध्या का राजा बताते हैं और सनातन समाज का मखौल उड़ाते हैं। यदि इन दोनों को लग रहा है कि अयोध्या में भाजपा को हराकर उन्होंने हिन्दुत्व को हरा दिया है तो यह उनकी बहुत बड़ी भूल है। इनको लग रहा है कि अब लोग न तो जय श्रीराम का नारा लगाएंगे और न ही अयोध्या में श्रीराम का दर्शन करने आयेंगे लेकिन उन्हें नहीं पता कि भगवान राम भारत की आत्मा और सनातन धर्म का मूल हैं।

दो लड़कों की जोड़ी को यह बात समझनी चाहिए कि भगवान राम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव भारत की आत्मा हैं और इनका सार्वजनिक उपहास बहुत दिनों तक नहीं बनाया जा सकता। राहुल गांधी के बयानों को सुन सुनकर हिंदू समाज मन ही मन कुढ़ रहा है और अपनी गलती पर सिर धुन रहा है। वहीं संत समाज राहुल को अयोध्या में नहीं घुसने देना चाहता। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेताओं को यह बात अच्छी तरह से पता होनी चाहिए कि लोकतांत्रिक देश के चुनावों में जय–पराजय तो होती ही रहती है किंतु राष्ट्रीय आस्था कभी नहीं बदलती। हिंदू समाज ने श्री रामजन्म भूमि को विधर्मियों से मुक्त कराने के लिए 77 बार भीषण संघर्ष किया और सर्वस्व बलिदान करते हुए अंततः विजय प्राप्त की इस विजय का उपहास कर रहे हैं ये लोग।

श्श्अयोध्या अपराजिता हैश्श विध ार्मी उस पर आक्रमण कर सकते हैं जीत नहीं सकते, अयोध्या यश से परिपूर्ण है, दुःखों का हरण करने वाली है और श्रीराम के तेज से प्रकाशित है, आसुरी भावनाओं द्वरा ये कभी पराजित नहीं होगी। इस अयोध या को इक्ष्वाकुवंश के राजाओं ने अपनी राजधानी बनाया और भगवान राम ने यहीं जन्म लिया यह शाश्वत सत्य है। भगवान राम को सृष्टि पर्यंत कोई नहीं हरा सकता। सपा ने फैजाबाद लोकसभा सीट का चुनाव जीता है और उसको राहुल गांधी विपरीत दिशा में ले जाकर प्रचारित कर रहे हैं। अयोध्या की पराजय पर तंज कसने वाले नेताओं को पता होना चाहिए कि किसी भी बात की अति बुरी होती है।

राहुल गांधी को भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी जी के राम मंदिर आन्दोलन को राजनैतिक समर्थन देने से आज भी इसलिए दर्द है क्योंकि लालकृष्ण आडवाणी जी की तमाम रथयात्राएं ही हैं जिनसे कांग्रेस का हिन्दू विरोधी चेहरा सामने आया और आज भी कांग्रेस लोकसभा में 100 का आंकड़ा छूने को तरस रही है। मुस्लिम तुष्टीकरण और झूठे विमर्श पर कुछ सीटें अधिक जीतने वाले राहुल गांधी का उतावलापन कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को भारी पड़ सकता है क्योंकि भगवान राम भारत की आस्था, आधार, विचार, विधान, चेतना, चिंतन, प्रतिष्ठा प्रताप और प्रवाह हैं। प्रभाव, नीति, नियति, नित्यता, निरंतरता के साथ राम विभु, विषद और व्यापक हैं और हर सनातनी जानता हैदृ जाके प्रिय न राम बैदेही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम जद्दपि परम सनेही।

## सम्पादकीय

## सरकार की पहली प्राथमिकता जनगणना

नई लोकसभा का पहला सत्र संपन्न हो गया है और अब सरकार मानसून सत्र की तैयारी कर रही है, जिसमें वित्त वर्ष 2024–25 का बजट पेश किया जाएगा। तीन जुलाई को खत्म हुए संसद सत्र में जनगणना को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। सवाल है कि 23 जुलाई को आने वाले बजट में क्या सरकार जनगणना की घोषणा करेगी और उसके लिए जरूरी धन का आवंटन करेगी? कायदे से यह भारत सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि जनगणना कराई जाए। हर 10 साल पर होने वाली जनगणना आखिरी बार 2011 में हुई थी। अभी तक सरकार उसी के आंकड़ों के आधार पर जन कल्याण की योजनाएं बना रही है। सब कुछ अनुमान के आधार पर हो रहा है, जिससे करोड़ों लोगों को सरकार की योजनाओं के दायरे से बाहर छूट जाने की आशंका है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक लोक कल्याण की योजनाओं को पहुंचाने और प्रभावी नीति निर्धारण के लिए जरूरी है कि जनगणना हो।

ध्यान रखने की जरुरत है कि जनगणना होते ही उसके आंकड़े नहीं मिल जाते हैं। अंतिम आंकड़े आने में बहुत समय लगता है। अगर अभी जनगणना होगी और डिजिटल तरीके से होगी, जिसकी संभावना जताई जा रही है तब भी कम से कम दो साल लगेंगे अंतिम आंकड़े आने में। अगर जनगणना डिजिटल नहीं होती तो अंतिम आंकड़े आने में तीन से चार साल का समय लगता। सो, अगर अब भी प्राथमिकता के आधार पर जनगणना होती है तो 2026 से पहले अंतिम आंकड़े नहीं मिल पाएंगे। इससे ज्यादा समय भी लग सकता है। तभी यह आशंका भी जताई जा रही है कि सरकार जनगणना को टाल सकती है। क्योंकि 2024 में अगले तीन चार महीने में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। इस वजह से साल के अंत में ही जनगणना का काम शुरू होगा तो उसके अंतिम आंकड़े 2027 तक आएंगे। इसके दो साल बाद यानी 2029 से 2031 की जनगणना का काम शुरू करना होगा। ऐसे में अभी जनगणना टाली जा सकती है और कुछ अन्य सर्वेक्षणों व पुराने आंकड़ों के आधार पर तब तक काम चलाया जा सकता है।लेकिन सवाल है कि सरकार ऐसा कैसे कर सकती है? नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन का जो कानून पास किया है उसमें कहा गया है कि परिसीमन के बाद इसे लागू किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने परिसीमन को लेकर जो संशोधन किया था उसके मुताबिक 2026 तक परिसीमन पर रोक है और उसमें कहा गया है कि उसके बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही परिसीमन किया जाएगा। तभी संभव है कि केंद्र सरकार इसे 2026 के बाद ही कराए या ऐसी टाइमलाइन बना कर कराए कि आंकड़े 2026 के बाद आएं और उसके आधार पर परिसीमन हो और 2029 से महिला आरक्षण भी लागू हो और एक साथ चुनाव का नियम भी लागू हो।बहरहाल, जनगणना का क्या होगा, यह सरकार जाने लेकिन इसकी तत्काल जरुरत से इनकार नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने 2019 में जनगणना की अधिसचूना जारी कर दी थी और 2020 में पहले चरण में मकानों के सर्वे का काम शुरू होने वाला था। लेकिन उसी समय कोरोना की महामारी फैल गई, जिसकी वजह से पहले चरण का काम भी नहीं हो पाया।

# बीएल संतोष ने दिया यूपी में गुरुमंत्र



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनाव–2024 में सिर्फ 33 सांसद मिल पाये, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यूपी में 62 सांसद मिले थे। इस बार मिशन–80 पर भाजपा काम कर रही थी। जाहिर है कि चुनाव नतीजों से पार्टी को बड़ा झटका लगा है लेकिन केन्द्र से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेतृत्व ने पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाए रखने का प्रयास किया है। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आगामी 14 जुलाई को होने वाली है। इससे पहले ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पार्टी की पराजय का कारण जानने का प्रयास किया। केन्द्रीय नेतृत्व इतने भर से संतुष्ट नहीं है। इसीलिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष गत 6 जुलाई को लखनऊ पहुंचे थे। बताया जाता है कि बीएल संतोष ने सीध ा–सीधे कहा कि हमें अभिमान से बचना होगा। राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति तय की है। उन्होंने यह जानने का प्रयास किया कि भाजपा से दलित और ओबीसी मतदाता क्यों दूर हो गये? ध्यान रहे कि बीएल संतोष का प्रभाव इतना है कि उनके इशारे पर मुख्यमंत्री तक बदल दिये जाते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन पार्टी मुख्यालय में एससी मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक में लोस चुनाव में हार के कारणों की पड़ताल की। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस बार 33 सीटों पर ही जीत मिल सकी है, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी ने सहयोगी दलों के साथ सभी सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा था, लेकिन परिणाम उम्मीदों से विपरीत आए। नतीजतन प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने हार के कारणों की सही जानकारी जुटाने के लिए टास्क फोर्स की 40 टीमों का गठन किया था। एक टीम को दो लोकसभा सीटों की रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। टास्क फोर्स की टीमों ने बीते माह ही अपनी रिपोर्ट पार्टी को सौंप दी थी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौध ारी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी कई सीटों पर हार के कारणों की पड़ताल की थी।बीएल संतोष ने भाजपा नेताओं से कहा कि अहंकार से दूरी बना कर रखें। सभी को पद नहीं दिए जा सकते हैं, लेकिन समर्पित होकर चलने से समय आने पर पार्टी आगे आने का मौका भी देती है। उन्होंने कहा कि निराश न हों, बल्कि अपनी कमियों से सीख लेकर आगे बढ़ें। दो दिनों में अलग–अलग हुई पांच बैठकों में यह मुद्दा भी उठाया गया कि स्थानीय स्तर पर नेताओं व कार्यकर्ताओं की अधि ाकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इसकी वजह से नेताओं व कार्यकर्ताओं में निराशा फैल गई और वह चुनाव में प्रचार के लिए निकले ही नहीं।दो दिन के प्रवास में उन्होंने लखनऊ में 14 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों की भी समीक्षा की। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले आगामी अभियानों की रूपरेखा तय की जाएगी। इनमें पौधारोपण के साथ–साथ सदस्यता अभियान भी शामिल है।मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि उम्मीदवारों व कार्यकर्ताओं में समन्वय की कमी हार का बड़ा कारण रहा। इसके अलावा विपक्ष के संविधान बदलने के दुष्प्रचार को लेकर दलितों को जागरूक नहीं किया जा सका। उम्मीदवारों को टिकट देने से पहले स्थानीय नेताओं की राय को तवज्जो नहीं दी गई, जिसके चलते कार्यकर्ता नाराज हो गए और प्रचार से दूरी बना ली। बैठक में दलितों में नए सिरे से पैठ बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया गया कि सरकार व संगठन में वंचितों की भागीदारी बढ़ाई जाए।

बीएल संतोष ने मीडिया व सोशल मीडिया विभाग के पदाधि ाकारियों के साथ भी बैठक की और निर्देश दिए कि विभिन्न मुद्दों पर पूरी तैयारी के साथ लोगों के बीच जाएं। विपक्ष के दुष्प्रचार का मजबूती और तथ्यों के साथ जवाब दें, जिससे लोगों के सामने सच्चाई आ सके। राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) ने लखनऊ में दो बैठकें करके हार के कारणों की समीक्षा की थी। प्रदेश महामंत्रियों व क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में भी यही मुद्दे उठे थे कि टिकट वितरण में लापरवाही के अलावा कार्यकर्ताओं की नाराजगी तथा विपक्ष का दुष्प्रचार हार का बड़ा कारण रहे हैं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने प्रदेश महामंत्रियों व क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ बैठक कर उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति तय की। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुई बैठक में उन्होंने लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन की भी समीक्षा की। इसके बाद हुई कोर कमेटी की बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप चुनाव की तैयारियों पर मंथन किया।

बीएल संतोष का कद बहुत बड़ा है। कर्नाटक में 2019 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री और लिंगायत समुदाय के बड़े नेता बीएस येदियुरप्पा नया मंत्रिमंडल बना रहे थे तो उसमें तीन नए डिप्टी सीएम शामिल किए गए। ये बीजेपी की ओर से एक बड़ा दांव था क्योंकि इसमें दक्षिण के इस राज्य में जातियों के समीकरण का पूरा चक्रव्यूह तैयार किया गया था। इन नेताओं में गोविंद करजोल (दलित), लक्ष्मण सावदी (लिंगायत) और अश्वत नारायण (वोकालिंगा) समुदाय से थे। तीनों ही जातियां कर्नाटक में अहम हैं और किसी भी चुनाव को इनके बिना नहीं जीता सकता था। दरअसल तीन–तीन डिप्टी सीएम बनाने के पीछे राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष की ही भूमिका थी। हालांकि इसका फायदा उस समय बीजेपी को नहीं मिला लेकिन यह एक ऐसा समीकरण था जो कर्नाटक की राजनीति के लिए अब तक सबसे बड़ा दांव साबित होने वाला था। इसके साथ ही बीएल संतोष राज्य में बीएस येदियुरप्पा से इतर बीजेपी के लिए एक नया नेतृत्व भी खड़ा करना चाहते थे।

चुनाव में टिकट देने से पार्टी के लिए रणनीति तैयार करने तक बीएल संतोष का ही नाम गूंजता है। अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि जिनको बीजेपी का टिकट मिला या नहीं मिला वो सभी बीएल संतोष का ही नाम लेते हैं। कर्नाटक के उडीपी जिले के श्रीवल्ली ब्राह्मण परिवार में जन्मे 56 साल के बीएल संतोष पेशे से इंजीनियर हैं। बीएल संतोष बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। साल 1993 में वो संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बन गए। संघ में रहने के दौरान उन्होंने उडीपी, शिवमोगा, मैसूर जैसे जिलों में जमीनी स्तर पर काम किया। बीएल संतोष पेशे से इंजीनियर हैं इसलिए उन्हें आंकड़ों का पूरा ध्यान रहता है। साल 2006 में बीएल संतोष को कर्नाटक बीजेपी में महासचिव की भूमिका दी गई इसी दौरान कर्नाटक में बीजेपी की सरकार भी बनी। बीजेपी को सबसे बड़ी ताकत आरएसएस से मिलती है। बीजेपी ने अब तक दो प्रधानमंत्री बनाए हैं और दोनों ही संघ के पूर्णकालिक प्रचारक रहे हैं। संघ और बीजेपी के बीच संवाद और पुल का काम करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासचिव की होती है। इसके साथ ही चुनाव में टिकट वितरण के लेकर रणनीति बनाने की भी जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासचिव की होती है। **(हिफी)**

# प्रकाश आम्बेडकर का सियासी रुख



महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भी लोकसभा चुनाव की झलक दिखेगी, यह कहना अभी मुश्किल है। राज्य में इसी साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने हैं। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन हो चुका है लेकिन राज्य की जनता ने बगावत करने वालों को तरजीह नहीं दी। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से महाअघाड़ी गठबंधन (एमवीए) ने 30 सीटों पर विजय दर्ज की है। इस समीकरण से विधानसभा चुनाव में भी एमवीए का ही पलड़ा भारी रहने की संभावना जतायी जा रही है। राज्य में 13 सीटें हासिल कर कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा को यहां से सिर्फ 9 सांसद मिल पाये हैं जकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उसे 23 सांसद मिले थे। उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को 9 सांसद मिले जबकि बगावत करने वाले एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को सिर्फ 7 सांसद मिल पाये हैं। इसी तरह शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 8 सांसद मिले जबकि बगावत करने वाले अजीत पवार के गुट को सिर्फ 1 सांसद मिल पाया है। राज्य के इस सियासी समीकरण में प्रकाश आम्बेडकर की क्या भूमिका रहेगी, इस पर सभी की निगाहें हैं। प्रकाश आम्बेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी किसके साथ जुड़ती है, यह अभी तय नहीं है। प्रकाश आम्बेडकर ने पिछले साल नवम्बर में शिवसेना (यूबीटी) के साथ भीमशक्ति–शिवशक्ति गठबं ान बनाया था लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह गठबंधन टूट गया था। प्रकाश आम्बेडकर भाजपा के साथ भी नहीं जाना चाहते। कांग्रेस एनसीपी उनको अपने साथ जोड़कर फायदा उठा सकते हैं। महाराष्ट्र में 288 विधायक चुने जाते हैं। प्रकाश आंबेडकर ने गत 7 जुलाई को कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ वंचित बहुजन अघाड़ी का गठबंधन टूट गया है। आंबेडकर ने पिछले साल नवंबर में शिवसेना (यूबीटी) के साथ भीमशक्ति –शिवशक्ति गठबंधन बनाया था। हालांकि, उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले एमवीए घटक कांग्रेस, एनसीपी (शरदचंद्र पवार) और शिव सेना (यूबीटी) पर अनदेखी की बात कहते हुए खुद के राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया था। इसके बाद उन्होंने एमवीए और शिव सेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन तोड़ दिया था। शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन पर पूछे गए सवाल के जवाब में वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रमुख प्रकाश अंबेडकर ने कहा कि यह गठबंधन टूट चुका है, इसमें कुछ भी नहीं बचा है। दरअसल, जब शिवसेना में विभाजन हुआ था तो उसके दलित वोटों को साधने की नीति के तहत उद्धव ठाकरे ने एक रणनीतिक कदम उठाकर वीबीए के साथ गठबंधन किया था। फिलहाल, 2024 के लोकसभा चुनाव के ठीक पहले यह गठबंधन टूट गया था। डॉ. बी.आर. आंबेकर के पोते प्रकाश आंबेडकर की अगुआई वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) ने हाल ही में संपन्न चुनावों में महाराष्ट्र में कोई भी लोकसभा सीट नहीं जीती, लेकिन नतीजों के विश्लेषण से पता चलता है कि इसने कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में परिणाम को प्रभावित किया। अगर वीबीए महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में शामिल हो जाती तो इनमें से सात निर्वाचन क्षेत्र विपक्षी गठबंधन के पाले में जा सकते थे, जिसमें मुंबई उत्तर पश्चिम भी शामिल है, जहां शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार सिर्फ 48 वोटों से हार गया था। एमवीए के साथ गठबंधन के लिए असफल वार्ता के बाद वीबीए ने राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से अधिकांश पर अपने उम्मीदवार उतारे या उम्मीदवारों का समर्थन किया। पूर्व लोकसभा सांसद आंबेडकर ने खुद अकोला से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। अतीत में, 70 वर्षीय दलित नेता ने दो बार लोकसभा में अकोला का प्रतिनिधित्व किया है। इस बार, वीबीए नेता के मैदान में उतरने से अकोला में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया। बीजेपी के उम्मीदवार अनूप ध ोत्रे, जो अंततः जीते, और कांग्रेस के उम्मीदवार अभय काशीनाथ पाटिल विदर्भ क्षेत्र की इस सीट पर दो अन्य प्रमुख प्रतियोगी थे। धोत्रे ने 4,57,030 वोट हासिल किए और 40,626 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, कांग्रेस के पाटिल को 4,16,404 वोट मिले, जबकि अंबेडकर 2,76,747 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जिसने अंतिम परिणाम को प्रभावित किया। औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) में, शिवसेना के उम्मीदवार संदीपनराव भुमरे ने 1,34,650 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 4,76,130 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी और मौजूदा सांसद, ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के इम्तियाज जलील को 3,41,480 वोट मिले। 2019 में, वीबीए ने एआईएमआईएम के साथ गठबंधन किया था, जिसने जलील को औरंगाबाद सीट जीतने में मदद की, हालांकि मामूली अंतर से। हालांकि, इस बार वीबीए ने अपने उम्मीदवार अफसर खान यासीन खा को मैदान में उतारा, जिन्होंने 69,266 वोट हासिल किए, लेकिन अंतिम परिणाम पर सीधे तौर पर कोई प्रभाव नहीं डाला। 2019 में, पत्रकार से राजनेता बने जलील ने अविभाजित शिवसेना के चार बार के सांसद चंद्रकांत खैरे को 4,492 मतों के अंतर से हराया था। बीड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार बजरंग सोनवणे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी, बीजेपी उम्मीदवार पंकजा मुंडे को उतार–चढ़ाव भरे मुकाबले में 6,553 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की। चौथे स्थान पर रहे वीबीए उम्मीदवार अशोक हिंगे को 50,867 मत मिले, जबकि बहुजन महा पार्टी के उम्मीदवार अशोक थोरात को 54,850 मत मिले। शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार नागेश पाटिल अष्टीकर ने शिवसेना के बाबूराव कोहलीकर को 1,08,602 मतों के अंतर से हराकर हिंगोली निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। अष्टीकर को 4,92,535 मत मिले, कोहलीकर को 3,83,933 मत मिले, जबकि वीबीए उम्मीदवार डॉ बी डी चव्हाण को 1,61,814 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार वसंत चव्हाण ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी, बीजेपी उम्मीदवार प्रतापराव चिखलीकर को 59,442 मतों के अंतर से हराकर नांदेड़ से जीत हासिल की। मध्य महाराष्ट्र की इस सीट पर वसंत चव्हाण को 5,28,894 वोट मिले, जबकि चिखलीकर को 4,69,452 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे वीबीए उम्मीदवार अविनाश भोसीकर को 92,512 वोट मिले। 2019 के चुनावों में चिखलीकर ने कांग्रेस उम्मीदवार और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण को 40,148 वोटों से हराया था। तब वीबीए उम्मीदवार यशपाल भिंगे को 1,66,196 वोट मिले थे। मुंबई उत्तर पश्चिम में, वीबीए के परमेश्वर रणशूर 10,052 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

एक करीबी मुकाबले में, शिवसेना उम्मीदवार रवींद्र वायकर ने निर्वाचन क्षेत्र में शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को सिर्फ 48 वोटों से हराया। वायकर को 4,52,644 वोट मिले, जबकि कीर्तिकर को 4,52,596 मत मिले। शिरडी में शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार भाऊसाहेब वाकचौरे ने शिवसेना उम्मीदवार और पूर्व सांसद सदाशिव लोखंडे को 50,529 मतों के अंतर से हराया।

## संक्षिप्त खबरें..........

### आज रामपुर खास आयेंगे प्रमोद तिवारी

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज गुरूवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आयेगे। वह पूर्वान्ह साढे ग्यारह बजे जलेशरगंज में लोगों से मुलाकात करेगे। मध्यान्ह बारह बजे बेलहा में आयोजित जनसुविध ाा केन्द्र का शुभारंभ करेगे। इसके बाद वह बेलहा स्थित आईटीआई कालेज भवन निर्माण के कार्यो का अवलोकन करेगे। एक बजे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी रायपुर तियांई में स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

### वरिष्ठ व्यापारी के आकस्मिक निधन पर जताया गया शोक

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के वरिष्ठ व्यापारी श्यामलाल जायसवाल 70 का गंभीर बीमारी के चलते मंगलवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर बुधवार को बाजार में शोक छा गया। इसके चलते अधिकांश प्रतिष्ठान दोपहर तक बंद दिखे। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्वर्गीय श्यामलाल के निधन को दुखद ठहराते हुए कोरोनाकाल में उनके दिये गये सामाजिक योगदान को अविस्मरणीय बताया। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश ने भी श्यामलाल के आवास पर पहुंचकर संवेदना प्रकट की। इधर व्यापारियों की हुई शोकसभा में भी वरिष्ठ साथी श्यामलाल जायसवाल के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अध यक्षता उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे व संचालन अंजनी कौशल ने किया। इस मौके पर डा. ओमप्रकाश जायसवाल, सभासद दारा सिंह, सभासद आशीष कौशल, पूर्व सभासद रमेश जायसवाल, सदाशिव जायसवाल, विजय कौशल, केदार जायसवाल, दिनेश सिंह, एबादुर्रहमान, ओंकार वैश्य, राजकुमार मिश्र, मुन्ना तिवारी, पप्पू जायसवाल आदि रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को धर दबोचा। थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। घुइसरनाथ पुल के समीप पुलिस टीम को दुष्कर्म का आरोपी सिंघनी निवासी शिवराम विश्वकर्मा का पुत्र संजू उर्फ शिवेन्द्र दिख गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ बीती आठ मई को पीड़िता के साथ दुष्कर्म को लेकर केस दर्ज किया गया है। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### किशोरी का अपहरण, तीन के खिलाफ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के जेंवई निवासी छोटे लाल के पुत्र गुल्ली सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ जुलाई को रात्रि आठ बजे गांव के ही विशाल सरोज ने उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री को भगा ले गया। तहरीर में कहा गया है कि किशोरी के अपहरण में आरोपी की बहन मीना तथा चाचा सुरेश सरोज भी शामिल रहा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### दुर्घटना में बाल-बाल बचे लालगंज प्रमुख, कार हुई क्षतिग्रस्त

लालगंज, प्रतापगढ़। तीव्र गति से आ रही बोलेरो ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार में सवार लालगंज ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज बाल बाल बच गये। वहीं कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। अनियंत्रित बोलेरो भी खडढ में जा गिरी। लालगंज प्रमुख अमित सिंह मंगलवार की रात करीब दस बजे बेलहा से लालगंज अपने घर वापस आ रहे थे। लालगंज कालाकांकर हाइवे पर अझारा के समीप तीव्र गति से आ रही बोलेरो ने कार को टक्कर मार दिया। हालांकि ब्लाक प्रमुख बाल बाल बच गये। जानकारी होने पर बुधवार की सुबह क्षेत्रीय प्रधानों, बीडीसी सदस्यों व स्थानीय लोग बड़ी संख्या में प्रमुख के घर पहुंचकर उनका कुशलछेम लिया।

### कठुआ में शहीद हुए जवानों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

सुल्तानपुर(एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के कठुआ आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने हेतु कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च व प्रार्थना सभा का आयोजन किया। शहर के बस अड्डा स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध यक्ष शकील अंसारी समेत दो दर्जन से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेताओं ने कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रख शहीद हुए मृत्यको की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित किया।। ज्ञात हो कि जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार 8 जुलाई को आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफिसर (श्रब्) समेत 5 जवान शहीद हो गए। आतंकवादियों के हमले में घायल 5 जवानों को कठुआ के बिलावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से देर रात पठानकोट मिलिट्री हॉस्पिटल रेफर किया गया है। देश की सीमा पर तैनात जवानों की शहादत से को लेकर मंगलवार को देर शाम कांग्रेसियों ने शहर की बस अड्डा स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में कैंडल जलाकर प्रार्थना सभा का आयोजन कर शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के कठुआ के आतंकी हमले में शहीद हुए हमारे पांच जवान देश के लिए बेहद दुखद घटना है।

## मकान का दरवाजा तोड़कर नकदी व मेंथा ऑयल चोरी

निंदूरा बाराबंकी। सराय शहबाज गांव में चोरों ने एक मकान से नकदी सहित करीब 45 लीटर मेंथा ऑयल चोरी कर ले गए।सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल शुरू की। घुंघटेर थाना क्षेत्र के सराय शहबाज गांव में दिलावर यादव मंगलवार रात में बिजली न आने पर गर्मी के चलते परिवार के साथ छत पर सोने चले गए। देर रात चोर मकान मे पीछे के दरवाजे की सिटकिनी तोड़ अंदर दाखिल हो गए।अंदर पहुंचे चोरों ने कमरे में रखा करीब 42 लीटर मेंथा ऑयल,24 हजार की नकदी व जेवरात आदि चोरी कर ले गए।भोर करीब दो बजे लघुशंका के लिए छत से नीचे उतरे दिलावर को कमरे में बिखरा पड़ा सामान देख चोरी की जानकारी हुई। दिलावर यादव ने बताया कि सूचना पर रात में पुलिस आई थी और उसके बाद सुबह मैंने सुबह तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि जानकारी मिली है, हल्का दरोगा को भेजा गया था,जांच पड़ताल की जा रही है।

## अनियमित्ताओं की शिकायत पर जांच कर कोटेदार पर दर्ज की गई एफआईआर




बाराबंकी।तहसील नवाबगंज विकास खंड हरख अंतर्गत ग्राम पंचायत रहीमाबाद की उचित दर विक्रेता द्वारा आवश्यक वस्तुओं के वितरण में अनियमितता बरते जाने की शिकायत के आधार विभागीय टीम द्वारा ग्राम पंचायत रहीमाबाद जाकर जांच की गई। मौके पर कार्डधारको द्वारा बयान दिया गया कि कोटेदार द्वारा ई–पास मशीन पर अंगूठा लगवा कर राशन नहीं दिया गया है। इसके उपरांत उचित दर दुकान की जांच की गई, जांच के दौरान दुकान में गेहूं चावल एवं चीनी का स्टॉक शून्य पाया गया, जबकि ऑनलाइन विवरण के अनुसार विक्रेता के स्टॉक में 16.83 कु0 कुंतल गेहूं 24.71 कुंतल चावल एवं 24 किलो चीनी अवशेष होना चाहिए थी। मौके पर विक्रेता से दुकान का स्टॉक एवं वितरण अभिलेख मांगे जाने पर विक्रेता द्वारा कोई भी अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए गए। उपरोक्त अनियमिताओं के आधार पर जिलाधिकारी मश के आदेशानुपालन में ग्राम पंचायत रहीमाबाद की उचित दर विक्रेता राजेश्वरी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा 3ध्7 के अंतर्गत थाना जैदपुर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है तथा राजेश्वरी की दुकान का अनुबन्धपत्र निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई भी प्रक्रिया में लाई गई है। इस संबंध में हरख पूर्ति निरीक्षक मो0 इमरान ने बताया कि रहीमाबाद में शिकायतो के मिलने पर जांच की गयी तो अभिलेख सहित तमाम कमियां पाने के राशन वितरण में गड़बड़ी मिली जिसे लेकर कोटेदार राजेश्वरी के विरुद्ध जैदपुर थाने में शिकायत कर कोटा निलंबित भी किया गया है।

## कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने वृक्षारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर की भागीदारी

कछौना/हरदोई(एजेंसी)।दावते इस्लामी इंडिया धार्मिक व सामाजिक संगठन ने वृक्षारोपण अभियान में कछौना क्षेत्र के कोतवाली परिसर, सेठ भूरामल आदर्श विद्यालय पतसेनी में, नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज ने पौधा रोपित कर भागीदारी की।उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाहन पर एक पेड़ मां की याद में अपील भावनात्मक रूप से जन अभियान बन गया है। धरती को हरा भरा रखने की सबकी जिम्मेदारी है। इस धरती पर सभी को समान रूप से जीने का अधिकार है। हम सभी प्रकृति का हिस्सा है। दावते इस्लामी इंडिया की शाखा गरीब नवाज रिलीफ फाऊंडेशन के सैकड़ो कार्यकर्ता इस मुहिम में बढ़–चढ़कर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में पौधारोपण के साथ उन्हें संरक्षित करने की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमुख हाजी यूसुफ अंसारी ने कहा वर्तमान समय में बदलते पर्यावरण को देखते हुए दुनिया भर में ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ गया है, ऐसे में हमारी संस्था पर्यावरण की रक्षा हेतु जन जागृति, पौधा रोपण, सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरे को देखते हुए जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से कार्य कर रही है।इस अवसर पर लखनऊ मंडल के अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, जिला अध्यक्ष मोहम्मद जफर, अमन अंसारी, सभासद बबलू, ग्राम प्रधान असद शाहिद, सनशाइन स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद शोएब, डॉ० मुख्तार, शहंशाह, रेहान, वसीम आदि ने बढ़–चढ़कर इस अभियान के हिस्सा बने।

## आनलाइन प्रतियोगिताओं के आयोजित लेट्स सिंग प्रतियोगिता के सभी वर्गो के परिणाम घोषित



हरदोई(एजेंसी)।अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 1 जून से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रहीं ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के सातवें सीजन में आयोजित लेट्स सिंग प्रतियोगिता के सभी वर्गों के परिणाम घोषित कर दिए गए। इन ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य प्रतियोगिताओं के साथ साथ प्रतिभागियों को कार्यशाला सा अनुभव देना है।लेट्स सिंग प्रतियोगिता के परिणामों के विषय में जानकारी देते हुए आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि फाइनल में सभी वर्गों के प्रतिभागियों को लोकगीत, गजल या भजन गाने का टास्क दिया गया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जूनियर वर्ग में अलीगढ़ की समृद्धि सिंघल प्रथम, हरदोई की हर्षाली अवस्थी द्वितीय व ग्वालियर के दर्श वार्ष्णेय तृतीय रहे। गौरी, स्वास्तिका व आर्यन को सांत्वना पुरस्कार मिला। सीनियर वर्ग से हरदोई की मानसी शुक्ला को प्रथम, लखनऊ की तान्या वर्मा को द्वितीय व शिवाली श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वैष्णवी व ऋषभ को सांत्वना पुरस्कार मिला। मोस्ट सीनियर वर्ग से ग्वालियर के रवींद्र शेन्दे प्रथम व हरदोई की कल्पना दुबे द्वितीय रहीं। निर्णय दूरदर्शन कलाकार आस्था त्रिवेदी व कोलकाता से कम्पोजर सुमन मुखर्जी ने दिया। संयोजन अभिषेक द्विवेदी, विनी शर्मा व शिवानी मिश्रा का रहा।

इस अवसर पर अविनाश मिश्रा, लीला पाठक, अनुराधा मिश्रा, दीपक कपूर, अखिलेश गुप्ता, रवि किशोर गुप्ता, रज्जन सिंह, अश्वनी गुप्ता, इला द्विवेदी, आलोकिता श्रीवास्तव, कालिन्द्री वैश, पारुल तिवारी, खुशबू टंडन, शिवांगी सिंह, नीलम राज, सौम्या गुप्ता, स्मृति पांडेय, साक्षी वर्मा, पलक शर्मा, दुर्गेश अवस्थी, नवल किशोर व शरद मौजूद रहे।

## यातायात नियमों का पालन न करना पड़ रहा भारी

### 'माहभर में लगभग तीन दर्जन मौतों से सड़क सुरक्षा पर उठे सवाल'

सुल्तानपु(एजेंसी)र। देश और प्रदेश में सड़कों का विकास लापरवाह नागरिकों व उनके परिवार के लिए मुसीबत बनता जा रहा है हाईवे के तेज होने व तेज रफ्तार वाहनों के फर्राटा भरने से सड़क दुर्घटनाओं की बाढ़ आ गई है। रोज सुबह से लेकर शाम तक जिले में कोई न कोई ऐसी खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है कि लोगों का कलेजा काँप उठता है कोई ना कोई परिवार अपने वृद्ध परिजन युवा बेटे महिला व बच्चों के सड़क पर दुर्घटना में काल के गाल में समा जाने के कारण गमगीन दिखाई दे जाता है। बीते 4 माह में पुलिस महकमा सड़क दुर्घटना में मृतकों का पोस्टमार्टम कराते कराते थक सा गया है उनके रजिस्टर में लगातार मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकार पुलिस व प्रशासन लगातार सड़क पर होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाकर, जागरुक कर सोशल मीडिया पर सड़क सुरक्षा के उपाय को प्रसारित कर इन घटनाओं को कम करने के लिए दिन–रात जूझ रहा है पर वाह प्रदेश के नागरिक लापरवाही की इंतहा है सड़क के नियम तोड़ने में तो जैसे होड़ मची हुई है हाईवे पर लापरवाही से चलने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है दो पहिया वाहनों पर चार–चार सवारी बैठा कर चलने का चलन चल पड़ा है। प्रतिबंध के बावजूद हाईवे पर ई रिक्शा फर्राटा भर रहे है अमहट से लेकर हसनपुर के बीच का फोर लेन हाईवे पार्किंग एरिया बना हुआ है ऐसे में सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोक पाना नामुमकिन सा हो गया है। हाईवे को पार करने के लिए लोग अपनी जान दाव पर लगा रहे हैं साइकिल लेकर हाइवे पर घूमने और तेज रफ्तार वाहनों के चपेट में आ जाने से लगातार सड़क दुर्घटनाओं में नागरिकों की मौत हो रही है। बारिश के कारण सड़क पर फैले कीचड़ भी कहीं ना कहीं दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं सड़क पर आवारा पशुओं की जमात खड़ी हो गई है इन घटनाओ की रोकथाम के लिए शासन प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है नतीजा आवारा पशुओं से टकराकर वाहन छतिग्रस्त हो रहे हैं दुर्घटना हो रही है लोग घायल हो रहे हैं कभी–कभी उनकी जान भी जा रही है सरकार के निर्देशों पर चलने वाला यातायात सुरक्षा माह व सड़क जागरूकता अभियान शासन प्रशासन की तिजोरी भरने के लिए समन शुल्क वसूलने तक ही सीमित रहता है ये अफसर काफी चालाक किस्म के है ये अभियान को पूरा करने के लिए शहर के किसी नामी निजी स्कूल का चयन करवा लेते है वहां बच्चों को खड़ा कर आला अधिकारी लंबे चौड़े भाषण दे देते हैं जिसका फोटो वीडियो सोशल मीडिया से लेकर मीडिया का हिस्सा बन जाता है और यही यातायात जागरूकता अभियान की पूर्ति हो जाती है। शहर में जाम की स्थिति विकराल होती जा रही है अतिक्रमण सुल्तानपुर की पहचान बन चुका है पुलिस व यातायात प्रशासन शहर को अतिक्रमण मुक्त करने में महीनों से हाफ रहा है। चौक क्षेत्र का व्यापारिक इलाका भी सब्जी मंडी बनकर रह गया है रही सही कसर ठेले वा खुमचे वालों ने पूरा कर दिया है। बेंडिंग जोन में ना तो व्यापारी बैठ रहे हैं ना ही ग्राहक जा रहे ही पूर्व में शहर में लगने वाले ठेलों के रजिस्ट्रेशन कर उन्हें वार्ड वाइज फेरी लगाने के लिए योजना बनी थी जो अधिकारियों के स्थानांतरण के साथ ठंडा वस्ते में चली गई। अब देखना यह ह।

## श्रीमती कीर्ति सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं द्वारा गृह मंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा



हरदोई(एजेंसी)।कई सामाजिक संगठनों से जुड़ी श्रीमती कीर्ति सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं के द्वारा गृह मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।श्रीमती कीर्ति सिंह ने ज्ञापन में बताया है कि पश्चिम बंगाल के संदेशखली,कूचबिहार और उत्तरी दिनाजपुर (चोपड़ा) में हुई घटनाओं से हम बेहद व्यथित हैं। हम उसी की निंदा करने के लिए आपको यह ज्ञापन भेज रहे हैं।पश्चिम बंगाल में महिलाओं की स्थिति दिन–प्रतिदिन खराब होती जा रही है।यह गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है जैसे कानून और व्यवस्था केवल शब्दकोशों तक सीमित हो गई है। संदेश खली, कूचबिहार और उत्तरी दिनाजपुर (चोपड़ा) की घटनाएं सभ्य समाज के लिए शर्म की बात है। निर्दोष नागरिकों, खासकर महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न पूरी तरह से निंदनीय है। भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली ये घटनाएं हमें तालिबान शासन की याद दिलाती हैं।ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद भी महिलाएँ सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और अपमान से हम सभी अत्यंत व्यथित हैं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस पूरे मामले में हस्तक्षेप करें और न्यायिक जाँच की जाए। सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित महिलाओं के शारीरिक और मानसिक उपचार की व्यवस्था की जाए और उनके पुनर्वास का ध यान रखा जाए।

## आमने सामने हुई बाईकों को टक्कर से दो की दर्दनाक मौत

माधौगंज/ हरदोई(एजेंसी)।खाद लेने के लिए पिता का आधार कार्ड लेने बाइक से घर जा रहे युवक को सामने से आ रही अपाचे बाइक की टक्कर हो गई।जिसमे दोनों की मौत हो गई।थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में माधौगंज–बघौली मार्ग पर दो बाइक आमने सामने टकराई जिसमे बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। पीछे से आ रही 112 पीआरबी 2725 प्रभारी सुधीर कुमार दुबे व आरक्षी विकास यादव ने दोनों लहूलुहान युवकों को सीएचसी लाए जहां पर डॉक्टर एस एन कौशल ने दोनों को मृत घोषित किया। एक बाइक पर सवार युवक की पहचान सुमित 22 वर्ष पुत्र अनहर लाल निवासी कौड़ियापुर के रूप में पिता ने किया। पिता ने बताया कि खाद लेने के लिए आधार कार्ड घर लेने जा रहा था। उसका पुत्र चंडीगढ़ से बुधवार की सुबह आया था और अविवाहित था । चार पुत्रो में सबसे छोटा था। राजमिस्त्री का कार्य करता था। वही दूसरी बाइक पर सवार पंकज शर्मा 27 वर्ष पुत्र भयनु शर्मा निवासी सौंतेरा थाना सुरसा कस्बे की ओर जा रहा था। वह भी राजमिस्त्री का कार्य करता था। उसके भाई अंकित ने बताया कि तीन भाइयों में मंझिला था। इसकी पत्नी सपना व उसकी तीन पुत्रियां है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## मेडल व प्रशस्ति पत्र पाकर सम्मानित हुए छात्र

बघौलीध्हरदोई(एजेंसी)।ब्लूम कैप व अरिहंत प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी




करवाए जाने को लेकर मलिहामऊ के स्वामी रामकृष्ण परमहंस बालिका इंटर कालेज में हुई परीक्षा में सफल हुए छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।जिसमें संस्था की ओर से छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।ब्लूम स्कूल ओलंपियाड व अरिहंत प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में सत्र 2024–25देश के 25, राज्यों के 750प्लस विद्यालयों के एक लाख से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए 13 अप्रैल को हुई परीक्षा में प्रतिभाग किया था।जिसमें होनहार छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।जिसके परिपेक्ष्य में बुधवार को मलिहामऊ इंटर कालेज में विद्यालय के प्रध ाानाचार्य रवि नरारशयण मिश्र ने होनहार बच्चों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।परीक्षा के परिणाम में स्वामी रामकृष्ण परमहंस बालिका इंटर कालेज की छात्रा नवी गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर 31रैंक ,वहीं उपवन कुमार ने 29वीं अनिकेत राठौर ने 28रैंक पायल ने 44अमन पांडे ने 70वीं रैंक हासिल की।इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही।

नेवलिया मजरा ओदरा के होनहार छात्र ओजस्व मिश्रा ने सातवीं कक्षा में पढ़ते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी करवाए जाने को लेकर करवाई गई परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया।जिसमें उन्होंने 13रैंक हासिल की। और माता–पिता परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## साइकिल से घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर,हुई मौत

माधौगंजध्हरदोई(एजेंसी)।आम बेचकर साइकिल से घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला।कुरसठ भजेहटा मार्ग पर ग्राम पहुतेरा मार्ग पर सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा राहगीरों ने देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त चौकी कुरसठ क्षेत्र के गांव बढ़ैयाखेडा निवासी सोमेंद्र 35 पुत्र स्व शिवबालक के रूप में हुई। मंगलवार को बाजार से आम बेच कर साइकिल से घर जा रहा था अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हो गया पहुतेरा तिराहे पर सुबह जब लोग निकले तब युवक को सड़क किनारे पड़े देख चौकी को सूचना पहुंची शव को सीएचसी लाया गया जहा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भेज दिया मृतक की शादी नही हुई थी वह अपनी मां रतनी के साथ रहता था और खेती करता था।

## पतंजलि योग समिति ने बस दुर्घटना में मृत आत्माओं की शांति हेतु की प्रार्थना

हरदोई(एजेंसी)।शहीद उद्यान में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह ने माधौगंज थाने के ग्राम सिखवापुर में हुई बस दुर्घटना में मारे गये लोगों की आत्माओं की शान्ति के लिये एवं शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दुख को सहने करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करने की कामना की गई।उक्त अवसर पर शशिकला सिंह,रिन्की गुप्ता,तोताराम गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता,शशी मौर्या, पुष्पा पाल,सीमा मिश्रा,मीरा गुप्ता, सुमन मिश्रा,ललिता द्विवेदी, संतोषी देवी,प्रिया चौधरी,वानो,नीलम श्रीवास्तव, कमला देवी, संतोष शर्मा, वीनू वाजपेई, गीता गुप्ता, रामकिशोर पाल, शिव प्रकाश सिंह, पुत्तूलाल वर्मा, विष्णु लाल, रामकिशोर पाल, सर्वेंद्र सिंह, राकेश गुप्ता, प्रांजलि श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## एडिशनल कमिश्नर जीएसटी से रूबरू हुआ उद्योग व्यापार मंडल

सुलतानपुर(एजेंसी)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के नेतृत्व व जिला अध्यक्ष विजय प्रधान की अगुआई में व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल जनपद में निरिक्षण पर आए एडिशनल कमिश्नर आर एस विद्यार्थी व जेसी दुर्गा शंकर का स्वागत करते हुए उनसे जीएसटी की कमियों को दूर करने का आग्रह किया। जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया ने कहा कि हम सभी यह उम्मीद करेंगे कि जीएसटी की जितनी भी कमियां हैं उन सभी को दूर करने में वाणिज्यकर विभाग व्यापारियों को राहत प्रदान करेंगे। वरिष्ठ जिला महामंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर की 53वीं बैठक में लिए गए निर्णय का शासनादेश तुरंत अमल में लाया जाए जो भी नोटिस जारी हुए हैं उन सबको रद्द करते हुए व्यापारियों का जमा ब्याज उनको वापस लौटाया जाए । कोई भी अधिकारी यदि अनावश्यक नोटिस जारी कर रहा है तो उसके खिलाफ दंडावात्मक कार्रवाई की जाए।इसके साथ ही 40 लाख से नीचे का व्यापारी यदि पंजीकरण ले रहा है।

## लिटिल मास्टर के नाम से मशहूर सुनील गावस्कर, 75 साल की उम्र में भी हिट एंड फिट



नई दिल्ली, 10 जुलाई। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और लीजेंड सुनील गावस्कर आज 75 साल के हो गए हैं। उनका जन्म 10 जुलाई 1949 को महाराष्ट्र के मुंबई में हुआ था। क्रिकेट इतिहास के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक गावस्कर आज भी अपनी बेबाक बोली के लिए मशहूर हैं। अक्सर उनकी बातें क्रिकेट के गलियारों में हलचल पैदा करती हैं।

सुनील गावस्कर का नाम दुनिया के सबसे सफल बल्लेबाजों में लिया जाता है। उनके नाम क्रिकेट करियर में कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज हैं। जब उन्होंने क्रिकेट के पिच पर कदम रखा था तब टेस्ट में वेस्टइंडीज की पेस बैटरी की तूती बोलती थी, लेकिन भारतीय क्रिकेट का यह दिग्गज बेखौफ अंदाज में बल्लेबाजी करता था और बड़े से बड़े सूरमाओं की ध ाज्जियां उड़ाने का माद्दा रखता था।

गावस्कर ने साल 1971 में वेस्टइंडीज दौरे पर पोर्ट ऑफ स्पेन में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। अपने डेब्यू में ही इस दिग्गज बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खूंखार गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई। वेस्टइंडीज खेमा इस तूफानी बल्लेबाजी को देखकर त्राहिमाम कर रहा था।इस यादगार लम्हे के दौरान सुनील गावस्कर ने अपने नाम एक बड़ा रिकार्ड भी दर्ज किया, जो आज तक कायम है। वेस्टइंडीज के खिलाफ उस डेब्यू सीरीज में गावस्कर ने 4 टेस्ट मैचों में रिकॉर्ड 774 रन बनाए।इस दौरान गावस्कर का औसत 154.80 का रहा था। इस सीरीज में उनके बल्ले से दोहरा शतक सहित 4 शतक और तीन अर्धशतक निकले। बता दें, यह डेब्यू सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है जिसे 53 साल बाद भी कोई भारतीय बल्लेबाज नहीं तोड़ सका है।

भारतीय क्रिकेट के लिटिल मास्टर गावस्कर टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले खिलाड़ी थे और उन्होंने 34 टेस्ट शतक भी लगाए थे, यह रिकार्ड 18 साल तक कायम रहा। हालांकि, सचिन तेंदुलकर ने इस रिकॉर्ड को तोड़ा। अपनी बल्लेबाजी क्षमता के अलावा, गावस्कर एक सर्वश्रेष्ठ फील्डर भी थे।

गावस्कर के शानदार करियर को वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी शानदार पारियों के बिना परिभाषित नहीं किया जा सकता। अपने समय की सबसे मजबूत टीम के खिलाफ गावस्कर ने 27 टेस्ट मैचों में 65.45 की शानदार औसत से 2749 रन बनाए, जिसमें 13 शतक शामिल हैं। किसी भी टीम के खिलाफ उनका सबसे ज्यादा स्कोर और करियर का सर्वश्रेष्ठ 236 रन नाबाद रहा।भारत की ऐतिहासिक 1983 विश्व कप विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य, गावस्कर ने एक बार टेस्ट मैचों में सबसे अधिक शतकों का रिकॉर्ड बनाया था। वह टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पार करने वाले पहले क्रिकेटर थे। उन्होंने मार्च 1987 में यह उपलब्धि हासिल की और अपने करियर का अंत 10,122 रनों के साथ किया, जिसमें 34 शतक और 45 अर्धशतक शामिल थे। सबसे अधिक टेस्ट शतकों का उनका रिकॉर्ड तब तक कायम रहा जब तक कि 2005 में सचिन तेंदुलकर ने इसे पार नहीं कर लिया।गावस्कर के जन्मदिन पर क्रिकेट जगत उनके योगदान और विरासत का सम्मान करते हुए उनकी सराहना कर रहा है। उनके रिकॉर्ड, दृढ़ता और उल्लेखनीय उपलब्धियां दुनिया भर के क्रिकेटरों और प्रशंसकों को प्रेरित करती रही हैं और आगे भी करेंगी।

## अल्वारेज, मेसी के गोलों से अर्जेंटीना कोपा अमेरिका के फाइनल में



ईस्ट रदरफोर्ड (यूएस), 10 जुलाई। जूलियन अल्वारेज और लियोनल मेसी के गोलों की मदद से अर्जेंटीना ने मंगलवार को मेटलाइफ स्टेडियम में कोपा अमेरिका 2024 के सेमीफाइनल में कनाडा को 2–0 से हराकर प्रतियोगिता में लगातार फाइनल में जगह बनाई।टूर्नामेंट के पिछले पांच संस्करणों में यह अर्जेंटीना का चौथा फाइनल है। अर्जेंटीना टूर्नामेंट के फाइनल में 14 जुलाई को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में कोलंबिया–उरुग्वे मैच के विजेता के खिलाफ खेलेगा।कनाडा 13 जुलाई को चार्लोट के बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम में उपरोक्त मैच में हारने वाली टीम के खिलाफ तीसरे स्थान के प्लेऑफ में खेलेगा।कनाडा और अर्जेंटीना के बीच पहला हाफ अव्यवस्थित ढंग से शुरू हुआ लेकिन उतना ही मनोरंजक थारू बिना मिडफील्ड के, और उस तनाव के बिना जो आमतौर पर निर्णायक मैचों में होता है।पहला झटका आखिरकार 23वें मिनट में अल्वारेज के गोल से लगा, जिसे रोड्रिगो डी पॉल की अच्छी गेंद मिली, जिसने मार्किंग को हिला दिया और गतिरोध तोड़ने के लिए स्कोर किया।अर्जेंटीना ने कनाडाई हमलों को बेअसर कर दिया और स्कोरिंग के अच्छे मौके बनाए। पहले हाफ की समाप्ति पर मेसी ने क्षेत्र में मूव बनाया और उनका शॉट गोलकीपर के पोस्ट के ठीक आगे से चला गया।पहले हाफ का आखिरी मौका जोनाथन डेविड के पास था, मैच में कनाडा की ओर से पहला शॉट गोल पर था। हाफ टाइम तक अर्जेंटीना 1–0 से आगे था।दूसरे हाफ की शुरुआत में, मेसी ने दाहिनी ओर से कट किया जैसा कि वह अपने शुरुआती दिनों में करते थे। बॉक्स के अंदर, उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल को पास दिया और रिबाउंड के बाद एंजो फर्नांडीज ने गोल पर शॉट लगाया। मेसी ने स्वयं इसे डिफलेक्ट किया, और वीएआर समीक्षा के बाद, अर्जेंटीना के लिए 2–0 की पुष्टि की गई, जो इस संस्करण में मेसी का पहला और कोपा अमेरिका करियर में उनका 14वां गोल था।उस आरामदायक बढ़त के साथ, अर्जेंटीना ने खेल को धीमा कर दिया और टीम को तरोताजा करने के लिए प्रतिस्थापन किए। डि मारिया भी राष्ट्रीय टीम के लिए अपने आखिरी मैचों में से एक में उतरे।दो मिनट शेष रहते हुए, कनाडा ने अर्जेंटीना की रक्षा पर अच्छा दबाव डाला और उनके पास अपना सर्वश्रेष्ठ मौका था, लेकिन एमिलानो मार्टिनेज तानी ओलुवासेई के शॉट को रोकने में कामयाब रहे और अर्जेंटीना ने मैच में 2–0 से जीत हासिल की। दुनिया के सबसे पुराने राष्ट्रीय टीम टूर्नामेंट में अपना लगातार पांचवां पोडियम स्थान सुनिश्चित कियारू 2015 ( फाइनल), 2016 (फाइनल), 2019 (तीसरा स्थान), 2021 (चौंपियंस)।

## पीएलआई स्कीम का असर! टेलीकाम उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग सेल्स 50,000 करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली ,10 जुलाई। प्रोडक्शन लिंक्ड स्कीम के तहत घरेलू स्तर पर बने टेलीकॉम उपकरणों की बिक्री 50,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई है। इससे 17,800 प्रत्यक्ष नौकरियां और कई अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा हुई हैं। बुधवार को सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई।



संचार मंत्रालय की ओर से कहा गया कि टेलीकॉम क्षेत्र में पीएलआई स्कीम को शुरू हुए करीब तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस दौरान करीब 3,400 करोड़ रुपये का निवेश इस सेक्टर में देखने को मिला है। ऐसे में 50,000 करोड़ रुपये (10,500 करोड़ रुपये के निर्यात सहित) का आंकड़ा एक माइलस्टोन है।पीएलआई का फायदा लेने वाली टेलीकॉम और नेटवर्किंग कंपनियों की बिक्री में वित्त वर्ष 2019–20 के मुकाबले वित्त वर्ष 2023–24 में 370 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, देश के टेलीकॉम के आयात–निर्यात के बीच अंतर भी कम हुआ है। वित्त वर्ष 2023–24 में टेलीकॉम उपकरण और मोबाइल मिलाकर 1.49 लाख करोड़ रुपये का निर्यात हुआ है, जबकि इस दौरान 1.53 लाख करोड़ रुपये का आयात हुआ है।

2014–15 में भारत को बड़े मोबाइल आयातकों में गिना जाता था और केवल 5.8 यूनिट्स का ही उत्पादन किया जाता था और 21 करोड़ यूनिट्स आयात किए जाते थे।वित्त वर्ष 2023–24 में 33 करोड़ यूनिट्स का उत्पादन किया गया है, जबकि केवल 0.3 करोड़ यूनिट्स का ही आयात किया गया है। वहीं, 5 करोड़ यूनिट्स का निर्यात किया गया है।

2014–15 में भारत का मोबाइल एक्सपोर्ट 1,556 करोड़ रुपये और 2017–18 में 1,367 करोड़ रुपये था, जो कि अब 2023–24 में बढ़कर 1,28,982 करोड़ रुपये हो गया है।

सरकार ने बताया कि 2014–15 में 48,609 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन का आयात होता था, जो कि 2023–24 में 7,665 करोड़ रुपये पर आ गया है।

सरकार के मुताबिक, भारतीय मैन्युफैक्चरर्स वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर पा रहे हैं और प्रतिस्पर्धी कीमतों पर अच्छे उत्पाद अपने निवेशकों को बेच रहे हैं।

पिछले पांच वर्षों में टेलीकॉम में व्यापार घाटा (टेलीकॉम उपकरण और मोबाइल मिलाकर) 68,000 करोड़ रुपये से घटकर 4,000 करोड़ रुपये रह गया है। पीएलआई स्कीम के जरिए इस सेक्टर में निवेश आ रहा है और टेक्नोलॉजी में सुधार हो रहा है।

## गंभीर की कोचिंग में खेलेंगे विराट, ये काम्बिनेशन देखने को बेताब क्रिकेट जगत




नई दिल्ली, 10 जुलाई। बीसीसीआई ने गौतम गंभीर को टीम इंडिया का हेड कोच चुन लिया है। अपने खेल के दिनों में टीम इंडिया के साथ यादगार सफर साझा करने के बाद अब कोच के तौर पर गंभीर एक नई पारी की शुरुआत करेंगे। इस नियुक्ति से हर कोई खुश है लेकिन एक ऐसा डर भी है, जो न सिर्फ क्रिकेट फैंस बल्कि बीसीसीआई को भी सता रहा होगा।टीम इंडिया का कोच बनने के बाद गौतम गंभीर को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। वहीं कुछ यूजर्स विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच तीखे रिश्ते को लेकर तंज कस रहे हैं।इसमें कोई संदेह नहीं है कि विराट और गंभीर का रिश्ता दोस्ती वाला तो नहीं है। बेशक नीली जर्सी में इनके बीच कभी तकरार नहीं दिखी लेकिन आईपीएल में कई बार यह दोनों बीच मैदान में भिड़ चुके हैं। ऐसे में गंभीर की कोचिंग में विराट अपने आप को किस तरह फिट करेंगे, ये कॉम्बिनेशन देखने के लिए पूरी दुनिया बेताब है।सोशल मीडिया पर भी इस कॉम्बिनेशन को लेकर कई रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। यूजर्स गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए कह रहे हैं कि ये वही इंसान है जिसने विराट कोहली को अपना मैन ऑफ द मैच सौंप दिया था। तो, कुछ का कहना है कि विराट की उलटी गिनती शुरू हो गई है।कोच बनने से पहले गौतम गंभीर ने कई बार लाइव मैच और शो के दौरान टीम में स्टार कल्चर को खत्म करने की बात करते हुए कहा था, जो परफॉर्म करेगा उसी को टीम में जगह मिलनी चाहिए। ऐसे कई स्टेटमेंट गंभीर दे चुके हैं। इसलिए एक बात तो तय है कि टीम इंडिया में बड़ा फेरबदल होना तय है। लेकिन इन सब चीजों में थोड़ा समय लगेगा।विराट कोहली और गौतम गंभीर की छवि भी कुछ अलग नहीं है। दोनों ही अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल खोलकर खेलना पसंद करते हैं और अपनी खुशी और नाराजगी जाहिर करने से नहीं कतराते। लेकिन गंभीर के भारतीय ड्रेसिंग रूम में मुख्य कोच के रूप में प्रवेश करने से, पिछले कुछ वर्षों से तनावपूर्ण चल रहे उनके रिश्ते में एक नई शुरुआत हुई है।गौतम गंभीर का टीम इंडिया के साथ पहला कार्यकाल श्रीलंका दौरा होगा, जहां विराट समेत कई बड़े नाम टीम का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में जब विराट टीम इंडिया से जुड़ेंगे और गंभीर की कोचिंग में मैदान पर उतरेंगे, तो वह नजारा दिलचस्प होगा। फैंस इस जोड़ी का तालमेल देखने के लिए बहुत बेताब है, लेकिन इसके लिए उन्हें करीब दो महीनों का इंतजार करना पड़ सकता है।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला, निफ्टी 24,400 के करीब

मुंबई ,10 जुलाई। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बुधवार को गिरावट के साथ हुई है। बाजार के मुख्य सूचकांक लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। सुबह 9रू20 तक सेंसेक्स 150 अंक या 0. 19 प्रतिशत गिरकर 80,201 और निफ्टी 31 अंक या 0.13 प्रतिशत की गिरकर 24,401 पर था।

बैंकिंग शेयर गिरावट को नेतृत्व कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 318 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 52,249 पर बना हुआ है। छोटे–मझोले शेयरों में सपाट कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 28 अंक या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 57,109 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 5 अंक की मामूली बढ़त के साथ 18,961 पर है।

सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, इन्फोसिस, टाइटन, एनटीपीसी, नेस्ले, टाटा मोटर्स, एचयूएल और नेस्ले टॉप गेनर्स हैं। एमएंडएम, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स हैं।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स हरे निशान में हैं, जबकि, ऑटो, पीएसयू, फिन सर्विस, मेटल और मीडिया इंडेक्स में लाल निशान में हैं।

चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट, देवेन मेहता का कहना है कि निफ्टी 24,400 ऊपर निकलकर एक मजबूत ब्रेकआउट दे चुका है। निफ्टी के लिए अब 24,250 और 24,400 एक मजबूत सपोर्ट लेवल है। हालांकि, अभी 24,500 एक रुकावट के स्तर को रूप में कार्य करेगा। ट्रेडर्स को अपनी लॉन्ग पोजिशन को 24,250 के स्टॉपलॉस के साथ हर गिरावट पर खरीदारी करनी चाहिए।

## टी 20 विश्व कप में शर्मनाक प्रदर्शन के कारण दो दिग्गजों की छुट्टी



नईदिल्ली, 10 जुलाई। टी 20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का प्रदर्शन बहुत निराशाजनक रहा था. टीम ग्रुप स्टेज में अमेरिका और भारत से हारकर विश्व कप से बाहर गो गई थी. अमेरिका से मिली हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बड़ी सर्जरी की बात कही थी. अब ये सर्जरी शुरु हो चुकी है और इसका सबसे पहला असर दो दिग्गजों पर पड़ा है. उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है. अगले कुछ दिन में और भी कई बड़े बदलाव पाकिस्तान क्रिकेट में देखने को मिल सकते हैं.टी 20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों की आलोचना तो हुई ही थी वहाब रियाज को भी पाकिस्तानी मीडिया ने जमकर लताड़ा था. वहाब रियाज पाकिस्तान टीम की सेलेक्शन कमेटी के सदस्य होने के साथ साथ टीम के सीनियर मैनेजर बनकर गए थे. रिपोर्ट के मुताबिक वहाब रियाज को सेलेक्शन कमेटी से हटा दिया गया है. उनके साथ ही एक अन्य चयनकर्ता अब्दुल रज्जाक की भी चयनकर्ता पद से छुट्टी कर दी गई है. रज्जाक को हाल ही में पुरुष और महिला टीम की चयन समिति का सदस्य बनाया गया था. उन्हें दोनों टीमों की चयन समिति से बाहर कर दिया गया है. इस खबर की सार्वजनिक घोषणा जल्द कर दी जाएगी. चयनकर्ताओं पर विश्व कप के लिए योग्य खिलाड़ियों को मौका न दिए जाने का आरोप है. रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा 7 सदस्यीय चयन समिति में भी कमी की जाने की बात सामने आई है.

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी टीम की दशा सुधारने के लिए लगातार बैठके कर रहे हैं. उन्होंने रेड बॉल के कोच जेसन गिलेस्पी, वाइट बॉल कोच गैरी कर्स्टन के साथ ही पाकिस्तान के लगभग 25 पूर्व क्रिकेटरों मुलाकात की है. साथ ही उन्होंने पूर्व कप्तान सरफराज अहमद से भी मुलाकात की है. माना जा रहा है कि कोच और पूर्व क्रिकेटरों से पीसीबी अध यक्ष टीम की बेहतरी के लिए सुझाव ले रहे हैं. उन सुझावों पर जल्द एक्शन शुरु हो सकता है. बाबर आजम को एक फिर से पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी से हाथ धोना पड़ सकता है.

## एलपीजी ग्राहकों को मिली बड़ी राहत, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कर दिया ये बड़ा ऐलान



नई दिल्ली ,10 जुलाई। एलपीजी ग्राहकों के लिए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बड़ा ऐलान किया गया है जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। हरदीप पुरी ने ऐलान कर दिया है कि एलपीजी सिलेंडर के लिए केवाईसी करने की कोई समय सीमा नहीं है। उन्होंने यह जवाब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन के एक पत्र के जवाब में दी। सतीसन ने एक पत्र के जरिए कहा था कि केवाईसी जरूरी है लेकिन इसे संबंधित गैस एजेंसियों पर करने की जरूरत से नियमित एलपीजी कस्टमर को परेशानी होती है। इस पर हरदीप सिंह पुरी ने जवाब देते हुए कहा कि फर्जी खातों को खत्म करने और कमर्शियल गैस सिलेंडर की फर्जी बुकिंग को रोकने के लिए ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी कस्टर के लिए ईकेवाईसी को लागू कर रही हैं। हालांकि, पुरी ने यह भी साफ किया कि ईकेवाईसी का प्रोसेस पिछले आठ महीने से ज्यादा समय से चल रहा है।उन्होंने कहा, इसका मकसद केवल यह तय करना है कि असली कस्टमर को ही एलपीजी सर्विस प्राप्त हो।

प्रोसेस के बारे में बताते हुए पुरी ने यह भी कहा कि एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी के समय ही गैस एजेंसी का कर्मचारी ग्राहक के दस्तावेजों का सत्यापन करता है। सिलेंडर की डिलीवरी करने वाला शख्स अपने मोबाइल के जरिये एक ऐप के माध्यम से ग्राहक के आधार क्रेडेंशियल्स को कैप्चर करता है।

## रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी में मोनेट से प्रेरित डिजाइन बढ़ा रहा स्मार्टफोन की खूबसूरती

नई दिल्ली ,10 जुलाई। डिजिटल युग में हमारे स्मार्टफोन सिर्फ कम्युनिकेशन डिवाइस नहीं रह गए हैं, वे हमारे पर्सनल असिस्टेंट्स और एंटरटेनमेंट हब बन गए हैं।वे दिन गए जब किसी फोन की कीमत सिर्फ उसकी प्रोसेसिंग पावर या कैमरा क्वालिटी से मापी जाती थी। आज के उपभोक्ता ऐसे डिवाइस की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो न सिर्फ बेहतरीन परफॉर्म करते हैं, बल्कि उनकी पर्सनल स्टाइल के अनुकूल हो। इस बदलाव ने स्मार्टफोन डिजाइन के एक नए युग की शुरुआत की है, जहां टेक्निकल खासियत के साथ–साथ यूजर एक्सपीरियंस को भी समान महत्व दिया जाता है।रियलमी मानता है कि स्मार्टफोन का डिजाइन उसकी कार्यक्षमता के समान ही जरूरी है। इसके लिए उसने रियलमी डिजाइन स्टूडियो की स्थापना की, जो इनोवेटिव मटेरियल, यूनिक फॉर्म्स और उभरती टेक्नोलॉजी पर फोकस करता है। डिजाइन एक्सीलेंस के प्रति यह प्रतिबद्धता उनकी फ्लैगशिप नंबर सीरीज में झलकती है, जो किफायती कीमतों पर एडवांस फीचर्स प्रदान करते हैं।प्रत्येक नए मॉडल के साथ, रियलमी अलग– अलग डिजाइन को एक्सप्लोर करता है और इमर्सिव विजुअल एक्सपीरियंस की सीमाओं को आगे बढ़ाता है।इस फिलॉसफी का लेटेस्ट अवतार अपकमिंग रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी– एआई के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा में देखा जा




सकता है। ये मॉडल रियलमी और बोस्टन के म्यूजियम ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) के बीच एक अभूतपूर्व सहयोग पर आधारित है, जो आर्ट क्यूरेशन और एग्जीबिशन में ग्लोबल लीडर है।खूबसूरत प्रकृति को कैद करने के लिए फ्रांसीसी पेंटर क्लाउड मोनेट का डेडीकेशन शानदार है। उसने अपने पूरे जीवनकाल में ग्रेनस्टैक्स की 25 पेंटिंग और वाटर लिली की 250 से ज्यादा पेंटिंग बनाईं। उनका लक्ष्य दिन के अलग–अलग समय और अलग–अलग मौसमों में एक ही सीन को कैद करना था।मोनेट के विजन से प्रेरित होकर, रियलमी ने इन सीरीज में से दो सबसे क्लासिक मास्टरपीस को चुना। डिजाइन टीम ने स्मार्टफोन के डिजाइन में मोनेट द्वारा कैद की गई लाइट एंड शैडो को शामिल किया है, जिससे प्रत्येक डिवाइस को प्रभावी रूप से आर्ट के एक हैंडहेल्ड वर्क में बदल दिया गया है।रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो प्लस 5 जी, दोनों में मोनेट से प्रेरित सुंदरता है, जो ग्लास बैक पैनल के लिए मोनेट गोल्ड और मोनेट पर्पल और वीगन लेदर ऑप्शन के लिए एमराल्ड ग्रीन में उपलब्ध है। ये कलर चॉइस सूरज की रोशनी में गोल्डन हिस्टैक और मोनेट की पेंटिंग में पर्पल वाटर लिली को दर्शाते हैं, जो प्रकृति के साथ जुड़ाव की भावना पैदा करते हैं।मॉडर्न टेक्नोलॉजी के जरिए एक नए इंप्रेशन के साथ रियलमी ने ऐसे स्मार्टफोन बनाए हैं जो उसे उसकी कार्यक्षमता से कहीं आगे ले जाते हैं। रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो प्लस 5जी केवल कम्युनिकेशन डिवाइस नहीं रह गए हैं, यह हमारे पर्सनल असिस्टेंट्स और एंटरटेनमेंट हब बन गए हैं।यह विजन रियलमी को बाजार में अनोखे रूप के तौर पर पेश करता है। एक्सेसिबल स्मार्टफोन के लिए अपेक्षाओं को फिर से परिभाषित करता है और साबित करता है ।

## फ्रांस पर जीत के साथ स्पेन यूरो के फाइनल में

म्यूनिख, 10 जुलाई। लैमिन यामल और दानी ओल्मो के त्वरित गोलों की बदौलत स्पेन ने मंगलवार देर रात यूरो कप 2024 के सेमीफाइनल में फ्रांस पर 2–1 से जीत हासिल की और खिताबी मुकाबले में स्थान बना लिया।16 वर्षीय उभरते सितारे यामल यूरो में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए।रिपोर्ट के अनुसार, स्पेन ने शानदार शुरुआत की और मैच का पहला मौका तब मिला जब फैबियन रुइज ने लगभग पांच मिनट के बाद सुदूर पोस्ट पर हैडर लगाया।9वें मिनट में, फ्रांस, जो ओपन प्ले से स्कोर किए बिना अंतिम चार में पहुंच गया था, ने गतिरोध तोड़ दिया जब किलियन एमबाप्पे के इन–स्विंगिंग क्रॉस पर रान्डल कोलो मुआनी को करीब से गोल कर दिया।स्पेन ने बराबरी के लिए लगातार दबाव डाला लेकिन शुरू में फ्रांस की सुव्यवस्थित रक्षा को भेदना मुश्किल हो गया।हालाँकि, ला रोजा के प्रयासों का फल मिल गया जब यामल ने 21वें मिनट में गेंद को नेट के शीर्ष कोने में पहुंचाया।केवल चार मिनट बाद लेस ब्लेस के लिए हालात और खराब हो गए जब ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए स्कोर 2–1 कर दिया।खेल पुनरू आरंभ होने के बाद, डिडिएर डेसचैम्प्स के खिलाड़ी, जो प्रतियोगिता में पहली बार पिछड़ रहे थे, आगे बढ़े और स्पेन पर उनके क्षेत्र में दबाव बना दिया।स्पेन ने अपने सभी खिलाड़ियों को गेंद के पीछे रखा। ओस्मान डेम्बेले के खतरनाक क्रॉस को रोकने के लिए गोलकीपर के मजबूर होने से पहले फ्रांस के ऑरेलियन टचौमेनी का हैडर उनाई साइमन के हाथों में चला गया। फरांस और स्पेन ने समापन चरण में आक्रमण किए, जिसमें एमबाप्पे और यामल क्षेत्र के किनारे से करीब आ गए। फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए स्पेन की रक्षापंक्ति मैच के शेष भाग तक मजबूत रही, जहां उनका मुकाबला इंग्लैंड और नीदरलैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

# फिल्म बैड न्यूज नया गाना जानम हुआ रिलीज, विक्की कौशल तृप्ति डिमरी संग हुए रोमांटिक




विक्की कौशल, एमी विर्क और तृप्ति डिमरी की बैड न्यूज सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म रिलीज से कुछ ही दिनों की दूरी पर है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी थी। वहीं, कुछ दिन पहले तौबा तौबा गाना रिलीज हुआ था, जिसमें विक्की के डांस मूव्ज ने वाहवाही लूटी और अब फिल्म का सबसे बोल्ड सॉन्ग जानम रिलीज हो चुका है।

विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी ने हॉटनेस से भरे सीन जानम सॉन्ग के लिए दिए हैं। दोनों के इस सॉन्ग में कई इंटीमेट सीन हैं। तृप्ति डिमरी ने विक्की के साथ ऐसे सीन दिए हैं, जिसे देखते ही लोग घायल हो जाएं। दोनों हद से ज्यादा बोल्ड अवतार में नजर आ रहे हैं। इनकी हॉटनेस देख यूजर्स ने कमेंट किया है कि अब कटरीना का क्या होगा।

तृप्ति डिमरी ने फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर के साथ जमकर बोल्ड सीन दिए थे। फिल्म से उनका न्यूड सीन काफी वायरल हुआ था। एनिमल के बाद अब तृप्ति डिमरी ने विक्की कौशल के साथ हद से ज्यादा बोल्ड सीन दिए हैं। कभी स्विमिंग पूल में, कभी बिकनी में तृप्ति हुस्न की बिजलियां गिराती नजर आई हैं। विक्की के साथ उनका ये अंदाज देख लोगों के पसीने छूट गए हैं।

विक्की को तृप्ति के साथ हॉटनेस से भरे मूव्ज देकर लोगों ने कई तरह के कमेंट किए हैं। कुछ ने उनकी चुटकी भी ली है। एक ने लिखा, आपको कटरीना कैफ का खौफ नहीं? एक अन्य ने कमेंट किया, कटरीना कैफ बड़ा पछताओगे गाने की घर पर प्रैक्टिस कर रही होंगी।

एमी विर्क और विक्की कौशल के साथ तृप्ति की ये फिल्म 19 जुलाई को वर्ल्डवाइड रिलीज हो रही है।

# अक्षय कुमार की सरफिरा का दे ताली गाना रिलीज, 12 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा इसी महीने रिलीज को तैयार है। इससे पहले एक–एक करके फिल्म के गाने रिलीज किए जा रहे हैं। इस कड़ी में मेकर्स ने आज नया गाना दे ताली रिलीज किया है। गाने में अक्षय कुमार एकदम अपने खिलाड़ी वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। गाने में कई जगह वह बाइक पर स्टंट दिखाते नजर आए हैं। इस गाने को सागर भाटिया, नीति मोहन और सुहित अभ्यंकर ने गाया है।इस गाने को सुहित अभ्यंकर ने कंपोज किया है और इसे मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखा है। गाने का फिल्मांकन खूबसूरती से किया गया है। शुरुआती दृश्य में रेलगाड़ी में बैठे अक्षय कुमार काफी भावुक नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड से मां की कही बात गानों में गूंज रही है, देव! याद है न बाबा ने क्या कहा था?, मेरा बेटा जो कहता है वो करके छोड़ता है। अब तू करेगा ही, चल उड़। इसके बाद अक्षय कुमार एक्शन मोड में नजर आते हैं।अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इस गाने के रिलीज की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है, फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज हो गया है। इस शुक्रवार को फिल्म सिनेमाघरों में पहुंच रही है। अक्षय कुमार के इस पोस्ट पर यूजर्स उत्साह जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, इस फिल्म का इंतजार है। एक अन्य यूजर ने लिखा, अक्षय सर, अबकी बार बॉक्स ऑफिस पर आपका जादू चलेगा।फिल्म सरफिरा के ट्रेलर ने पहले ही धमाल मचा दिया है। यह इस साल का अभी तक सबसे ज्यादा देखा गया ट्रेलर पर चुका है। देखना होगा कि फिल्म क्या कमाल करती है। सुधा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार की जोड़ी राधिका मदान के साथ जमी है। उनके अलावा परेश रावल, सीमा बिस्वास, सौरभ गोयल और राहुल वोहरा जैसे सितारे भी अहम भूमिका में हैं।००

# सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख स्टारर काकुड़ा का नया पोस्टर जारी, 12 जुलाई को जी5 पर रिलीज होगी फिल्म



सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख की फिल्म श्काकुड़ाश् एलान के बाद से ही सुर्खियों में छाई हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया। वहीं, अब फैंस की उत्सुकता को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता रितेश देशमुख का नया पोस्टर जारी किया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने आदित्य सरपोतदार की फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें ककुडा को मैनहंटर और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को घोस्ट हंटर के रूप में दिखाया गया है। इस तीखे और डरावने मुकाबले में यह देखना बाकी है कि आखिर में कौन जीतेगा। इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, क्या विक्टर का अंग्रेजी तंत्र ककुडा के सामने टिक पाएगा? कोई जोखिम न लें, इस मंत्र पर टिके रहें– दरवाजा खुला रखो, शाम 7रू15 बजे, हर मंगलवार।

रितेश के अलावा ककुड़ा में सोनाक्षी सिन्हा, आशिफ खान और साकिब सलीम भी हैं। यह फिल्म रतोडी के भूतिया गांव के बारे में है, जहां हर घर में दो दरवाजे होते हैं– एक बड़ा और एक छोटा। ककुड़ा के लिए छोटा दरवाजा खुला होना चाहिए। इससे पहले एक साक्षात्कार में रितेश देशमुख ने खुलासा किया कि उन्होंने काकुड़ा के लिए साइन किया, क्योंकि उन्हें लगा कि स्क्रिप्ट दिलचस्प थी। अभिनेता ने कहा कि यह एक हॉरर कॉमेडी है, लेकिन यह केवल डराने और हंसाने तक ही सीमित नहीं है। देशमुख ने बताया कि काकुड़ा एक ऐसी कहानी है, जिसमें बहुत सारा दिल है और यह पात्रों के बीच के रिश्तों के बारे में है।

फिल्म के निर्माता रॉनी स्क्रूवाला ने साल 2021 की 20 जुलाई को फिल्म की शूटिंग शुरू होने का एलान किया था। हालांकि, दर्शकों को इसका लंबा इंतजार करना पड़ा है। इस फिल्म की रिलीज डेट दो साल से अटकी पड़ी थी और अब आखिर ओटीटी पर फिल्म आ रही है। यह फिल्म 12 जुलाई को जी5 पर रिलीज होगी।

००

# सीरत कपूर ने अपनी मनमोहक मुस्कान से सबको किया मंत्रमुग्ध



सीरत कपूर अपनी आकर्षक मुस्कान से सभी को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। सीरत कपूर इस अगस्त में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगी – अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को लुभाने का एक दशक। 2014 में रन राजा रन से अपनी शुरुआत करने के बाद से, सीरत ने लगातार यादगार प्रदर्शन किए हैं, जिससे फिल्म उद्योग में एक बहुमुखी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है।इस जून में रिलीज हुई मानमे में अपने डेब्यू को–स्टार शारवानंद के साथ उनकी हालिया मुलाकात ने प्रशंसकों के उत्साह को फिर से जगा दिया है और उनकी बढ़ती सफलता को और मजबूत किया है। सीरत का सफर सिल्वर स्क्रीन से आगे तक फैला हुआ है, जिसमें विवेल, एंगेज कोलोन स्प्रे, अपोलो टायर्स, महिंद्रा गुस्टो और इंटेक्स जैसे प्रमुख ब्रांडों के प्रभावशाली ब्रांड एंडोर्समेंट शामिल हैं। ये उद्यम उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विपणन क्षमता को रेखांकित करते हैं, जिससे उन्हें एक लोकप्रिय ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्थापित किया जाता है।वर्तमान में, सीरत दिल राजू के प्रोडक्शन के तहत एक प्रमुख फिल्म प्रोजेक्ट में सक्रिय रूप से शामिल हैं, साथ ही ओटीटी सीरीज भामकलापम 2 में उनकी आकर्षक उपस्थिति भी है। उनकी ऑन–स्क्रीन सफलता उनकी बढ़ती ऑनलाइन उपस्थिति से झलकती है, जहाँ वह प्रशंसकों को अपने जीवन और काम के बारे में बताती रहती हैं।उनके हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट काफी चर्चा बटोर रहे हैं, जो प्रशंसकों और उद्योग के पेशेवरों दोनों को आकर्षित कर रहे हैं। एक विशेष रूप से आकर्षक पोस्ट में, सीरत एक चमकदार सुनहरी पोशाक में चमक रही हैं। स्लीवलेस, फिटेड ड्रेस उनके टोंड फिजिक को उभारती है और उनकी चमकदार त्वचा की टोन को पूरक बनाती है।आर्टिस्ट्रीबायक्री द्वारा स्टाइल किए गए उनके घुंघराले बाल, एक विशाल और चंचल स्पर्श जोड़ते हैं, जो समग्र आकर्षण को बढ़ाते हैं। नाजुक झुमके लुक को पूरा करते हैं, जो एक सरल लेकिन सुरुचिपूर्ण पहनावा बनाते हैं।

सीरत का कैप्शन, जब तक आप मेरी चमक के पीछे का कारण अनुमान लगाएँगे, तब तक मैं अपने अगले काम पर लग जाऊँगी, दिल के इमोजी के साथ, रहस्य और साजिश का एक स्पर्श जोड़ता है, जो उसके प्रशंसकों को और अधिक आकर्षित करता है।सीरत कपूर की यात्रा उनके समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है। जैसे ही वह फिल्म उद्योग में अपने दूसरे दशक में प्रवेश करती है, उसकी ऑन–स्क्रीन सफलता, उसके प्रभावशाली ब्रांड एंडोर्समेंट और उसकी आकर्षक सोशल मीडिया उपस्थिति सभी रोमांचक अवसरों और निरंतर सफलता से भरे भविष्य की ओर इशारा करते हैं।

# जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म देवरा पर आया नया अपडेट, फिल्म की डबिंग हुई शूरू




देवरा इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जूनियर एनटीआर की इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस एक्शन ड्रामा फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी नजर आने वाली हैं। फिल्म को लेकर अभिनेता के फैंस में जबर्दस्त उत्साह है और वो फिल्म से जुड़े हर बड़े–छोटे अपडेट्स पर निगाहें गड़ाए बैठे हैं। इस फिल्म को लेकर लगातार अपडेट आते रहे हैं। एक बार फिर फिल्म से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है।इन दिनों जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरारू पार्ट 1 पर तेजी से काम चल रहा है। फिल्म की टीम इसे फैंस के सामने लाने के लिए काफी पसीना बहा रही है, ताकि इसे तय तारीख पर रिलीज किया जा सके। अब इस फिल्म की डबिंग को लेकर एक नया अपडेट आया है, जिसमें इससे संबंधित नई जानकारियां सामने आई हैं। फिल्म में सहायक भूमिका निभाने वाली हिमाजा ने फिल्म के लिए अपने डबिंग सेशन की एक तस्वीर पोस्ट की है। इससे जाहिर है कि फिल्म की डबिंग का काम शुरू हो गया है और साथ ही साध फिल्म की शूटिंग भी तेज गति से आगे बढ़ रही है।देवरारू पार्ट 1 को मशहूर निर्देशक कोर्टला शिवा निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की रिलीज डेट 27 सितंबर, 2024 रखी गई है। फिल्म को तय समय पर रिलीज करने के लिए पूरी टीम जोर शोर से इसे पूरा करने में लगी हुई है। इस बीच फिल्म को लेकर एक और अफवाह तेजी से फैल रही है कि फिल्म के निर्माता जल्द ही एक रोमांटिक गाना भी रिलीज कर सकते हैं। हालांकि, इसकी कोई भी आधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है।बताते चलें कि कोर्टला शिवा द्वारा निर्देशित देवरा में जूनियर एनटीआर काफी खतरनाक अवतार में नजर आएंगे। शिवा की यह जनता गराज के बाद दूसरी फिल्म है। गौरतलब है कि जनता गराज में भी एनटीआर ने काम किया था। अब देवरा में भी वह खतरनाक एक्शन करते नजर आएंगे। इस फिल्म से बॉलीवुड कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर तेलुगु डेब्यू करने वाले हैं। फिल्म की कहानी समुद्र के रास्ते में होने वाली तस्करी पर आधारित हो सकती है। फिल्म युवसुध् ।ा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा समर्थित है।

# नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी में नेगेटिव रोल निभाएंगी सत्यमवदा सिंह



टीवी एक्ट्रेस सत्यमवदा सिंह नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी शो में नेगेटिव रोल में नजर आएंगी। वह जीनत का किरदार निभाएंगी। एक्ट्रेस चांद जलने लगा सीरियल की भूमिका के लिए घर–घर में जानी जाती हैं।सत्यमवदा ने कहा, मैं जीनत का किरदार निभाने के लिए एक्साइटेड हूं। वह मजाकिया, खूबसूरत और मनमौजी लड़की है। यह कॉमिक टाइमिंग वाला एक नेगेटिव रोल है। मैं इस तरह के किरदार का लंबे समय से इंतजार कर रही थी।एक्ट्रेस ने कहा कि वह इस नए सफर को एक्सप्लोर करने के लिए एक्साइटेड हैं। सत्यमवदा ने बताया कि वह फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडीरू द डायमंड बाजार में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे किरदारों को निभाना चाहती हैं।

उन्होंने आगे कहा, संजय लीला भंसाली सर की हीरामंडी देखने के बाद, मैंने स्क्रीन पर एक मुस्लिम महिला का किरदार निभाने का मन बनाया। मेरी एक और इच्छा है कि मैं उनके प्रोजेक्ट में लीड रोल निभाऊं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे टीवी शो में एक मुस्लिम महिला की भूमिका निभाने का मौका मिलेगा। इससे पहले, मैंने गुलजार सर के नाटक में एक मुस्लिम किरदार अदा किया था, इसलिए मुझे यकीन है कि मैं इस नए किरदार को शानदार ढंग से निभा पाऊंगी।

नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी में चाहत पांडे, अलीशा पंवार और रेयांश वीर चड्ढा भी हैं।

# क्या है 'बदो बदी' सिंगर ने किया खुलासा!

बदो बदी गाना तो आपने जरूर सुना होगा। इस गाने ने सामने आकर धमाका कर दिया था और इस गाने के सिंगर को लेकर बातें होना शुरु हो गईं थीं। लेकिन अब सिंगर चाहत अली खान ने एक ऐसा खुलासा किया है जो कि आपको हैरान करने के लिए काफी है। चाहत फतेह अली खान का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो बता रहें हैं कि कैसे वो चाहत फतेह अली खान बने, हालांकि उनका ये असली नाम नहीं है। चाहत ने कहा, आतिफ भाई मेरा असल नाम है काशिफ राणा, आज से साढे आठ साल पहले जब मैंने ये सोच लिया कि अब मैने सिंगिंग करनी है तो फिर मैने नाम चेंज किया। मेरे दोस्तों ने मेरा नाम रखा चाहत क्योंकि मैं काफी मोहब्बत करता हूं। फिर मैने आगे फतेह अली खान लगा दिया क्योंकि मैने किसी ना किसी पे तो फोकस करना था।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक / मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126 / 21 / 1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)